तापमान
अधिकतम 28.8 डिग्री
न्यूनतम 25.2 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 22 अगस्त 2025

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया


रेलवे कालोनी के बाद अब तोरवा थाने से केन्द्रीय विद्यालय की ओर जाने वाले रास्ते को ब्लाक कर दिया गया है।

## अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा 10th / 12th / स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कमर्चारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की




संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक - गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)** Advt.

श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 7869513804
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com

## खबर संक्षेप



### फेडरेशन की एक दिवसीय हड़ताल आज

**बिलासपुर।** फेडरेशन के प्रांतीय आह्वान पर कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जिला शाखा द्वारा 22 अगस्त को 11 सूत्रीय मांगों को लेकर नेहरू चौक पर हड़ताल किया जा रहा है। इसे सफल बनाने लिए के लिए आदिवासी विकास विभाग, समाज कल्याण, पशु चिकित्सा, मत्स्य विभाग, रजिस्ट्री कार्यालय, शिक्षा विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, कृषि विभाग, तहसील कार्यालय, नगर निगम एवं मल्टीपरपज स्कूल, सिंधी कॉलोनी तिफरा स्कूल सहित विभिन्न स्कूलों एवं विभागों में जनसंपर्क कर 22 तारीख के हड़ताल में शामिल होकर धरना स्थल नेहरू चौक में उपस्थित होने के लिए आह्वान किया गया। संपर्क करने वालों मे रोहित तिवारी, सुनील कौशिक डॉक्टर बीपी सोनी, किशोर शर्मा, सुनील यादव, रामकुमार यादव अरुण पांडे, राजेश पांडे, रमेश द्विवेदी, राम जी ध्रुव, संदीप त्रिपाठी, संतोष तिवारी ,धीरेंद्र पांडे, टीकाराम लहरे, जगदीश चंदेल, अशोक ब्रह्म भट्ट, कैलाश गजभिए, राजेश वस्त्रकार, आदि कर्मचारी साथी उपस्थित थे।

### गायत्री शक्ति पीठ का स्वास्थ्य शिविर 24 को

**बिलासपुर।** गायत्री शक्ति पीठ तथा मां भगवती हरदेव लाल मंदिर के संयुक्त तत्वावधान में 24 अगस्त रविवार को सुबह 8 से 10 बजे तक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में डॉ शुभाशीष महतो, डॉ आलोक सुल्तानिया, डॉ ऍम पी सामल, डॉ गीता विश्वकर्मा, डॉ एस बी सिंह, डॉ प्रियंका नेताम अपनी सेवाएं देंगे। इस शिविर में टी एस एच शुगर, बी पी,एच बी ए 1 सी, लिपिड प्रोफाइल, यूरिक एसिड आदि की जांच की जाएगी।



### जिले में अब तक 759.5 मिमी बारिश दर्ज

**बिलासपुर।** बिलासपुर जिले में चालू खरीफ मौसम में अब तक 759.5 मिमी.बारिश दर्ज की गई है। जो कि पिछले 10 वर्ष के औसत बारिश 750.9 मिमी से 8.6 मिमी अधिक है। अधीक्षक भू अभिलेख के अनुसार सबसे अधिक बारिश 952 मिमी बेलगहना तहसील में और सबसे कम बारिश 654.4 मिमी कोटा में रिकार्ड की गई है। इसी प्रकार बिलासपुर तहसील में 879.5 मिमी, बिल्हा तहसील में 637.1 मिमी, मस्तूरी में 685 मिमी,तखतपुर में 880.2 मिमी, सीपत में 729.9 मिमी, बोदरी में 659.7 मिमी, बेलतरा में 696 मिमी, रतनपुर में 758.8 मिमी, सकरी में 830.3 मिमी और पचपेड़ी तहसील में 715.1 मिमी बारिश रिकार्ड की गई है।

## बारिश से तरबतर रहा शहर, नालियों का गंदा पानी पहुंचा सड़कों पर

# इधर... होती रही झमाझम बारिश


विनोबा नगर की सड़क पर भरा पानी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

उमड़ते काले घने बादलों के बीच कभी भी बारिश हो रही है। गुरूवार की शाम 5 बजे झमाझम बारिश ने लोगों को भीगने पर मजबूर कर दिया। सुबह से हल्की बदली छाई रही, लेकिन उमस भरीगर्मी के कारण लोगों का हाल बेहाल रहा। इस दौरान तापमान 31.2 डिग्री दर्ज किया गया। भादो की बारिश लोगों को छका रही है, अचानक होने वाली बारिश के कारण लोगों को भीगना पड़ रहा है, हालांकि उमस भरी गर्मी से राहत भी मिल रही है।

गुरूवार की शाम अचानक मौसम बदलने लगा, गरजते-चमकते बादल के बीच से बारिश शुरू हो गई। यह सिलसिला देर रात तक जारी रहा। खास बात यह है इस दौरान खंड वर्षा हो रही है, महज 3 से 4 किमी की दूरी में ही खंड वर्षा हो रही है, जिससे लोगों को बारिश का अंदाजा नहीं लग रहा है, ऐसे में बिना रेनकोट और छाता के उन्हें भीगना पड़ रहा है। इस दौरान श्रीकांत वर्मा मार्ग और विनोबा नगर, मसानगंज के आसपास सड़कों पर पानी भर गया, जिससे यातायात प्रभावित होता रहा।

### बिजली ने किया हालाकान

शहर में बारिश होते ही बिजली बंद होने की घटनाएं बढ़ जाती हैं। महाराणा प्रताप चौक के पास केबल में आग लगने के कारण घंटों बिजली बंद रही। इसी प्रकार 33 केवी लाइन में फाल्ट आने के बाद रिंग रोड, व्यापार विहार, नेहरू नगर, मिनी बस्ती, इंदू चौक, तालापारा, मंगला में बिजली बंद रही। इस दौरान बिजली की आंखमिचौली जारी रही। करबला रोड में बार-बार बिजली बंद होती रही, दोपहर से लेकर रात तक कई बार बिजली बंद होती रही,इस दौरान उपभोक्ताओं ने फ्यूज कॉल से संपर्क साधा लेकिन इसके बावजूद बिजली सप्लाई शुरू होने में काफी समय लग गया। चांटीडीह, अशोक नगर, राजकिशोर नगर में इश्युलेटर और डियो खराब होने के कारण बिजली बंद रही।

# उधर... पेयजल के लिए चक्काजाम


महापौर के हेमूनगर स्थित निवास के सामने सड़क पर चक्काजाम करतीं महिलाएं।

हेमूनगर अटल आवास में रहने वाली महिलाओं ने गुरुवार को पानी की समस्या को लेकर महापौर पूजा विधानी के घर के सामने चक्काजाम कर दिया। सड़क जाम होने से वहां यातायात बाधित होने लगा, मौके पर पहुंचकर पुलिस ने महिलाओं को समझाकर चक्काजाम समाप्त कराया।

- पुलिस की समझाइश के बाद लौटीं

चुचुहियापारा क्षेत्र के कुछ परिवार हेमूनगर अटल आवास में रहते हैं। इन परिवारों को वहां पर पानी के लिए बहुत दिक्कत हो रही है। इन महिलाओं का कहना है कि उनके आवास का पानी कनेक्शन कट गया है। पहले वे मंडी के पास से पानी लाती थीं, किन्तु वहां से उनका पानी बंद करा दिया गया। वे जहां भी पानी के लिए जाती हैं उन्हें पानी देने से इनकार किया जाता है। इसलिए उन्होंने आज महापौर के हेमूनगर स्थित निवास के सामने सड़क पर चक्काजाम किया है। चक्काजाम करने वाली महिलाएं अपने हाथों में खाली बर्तन लेकर प्रदर्शन कर रही थीं। चक्काजाम के चलते सड़क पर यातायात बाधित होने लगा और लोग परेशान हो उठे।

इस पर मौके पर पहुंचकर पुलिस वालों ने प्रदर्शन कर रही महिलाओं को समझाइश देकर चक्काजाम समाप्त कराया। पानी समस्या को लेकर चक्काजाम की सूचना मिलने पर महापौर पूजा विधानी भी वहां पहुंचीं और उन्होंने महिलाओं को समझाने का प्रयास किया।

महापौर का कहना है कि इन लोगों का चुचुहियापारा में घर है और उनका घर टूटा भी नहीं है। इन लोगों ने यहां अटल आवास में आकर अवैध रूप से कब्जा किया हुआ है। इन लोगों से पिछले कांग्रेस शासनकाल में किन लोगों ने पैसा लेकर अटल आवास में बसाया है, उनको सामने लाना चाहिए।


चुचुहियापारा गणेशनगर में जांच करतीं पुलिस और ड्रग विभाग की टीम।

प्रिस्क्रिप्शन पर ही दवाई देने की हिदायत

# पुलिस व ड्रग विभाग की टीम ने की 44 दवा दुकानों की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पुलिस व ड्रग विभाग के अधिकारियों द्वारा गुरूवार को एक संयुक्त छापामार अभियान चलाया गया। इसके अंतर्गत शहर के अलग-अलग स्थानों पर संचालित 44 मेडिकल दुकानों में दबिश देकर जांच की गई। इस दौरान संचालकों को केवल डाक्टर द्वारा लिखी गई पर्ची के आधार पर ही दवाई देने की हिदायत दी गई है।

प्रतिबंधित एवं मादक दवाओं की बिक्री पर रोक लगाने के उद्देश्य से एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर गुरूवार को पुलिस विभाग एवं ड्रग विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम के द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इसके अंतर्गत ड्रग इंस्पेक्टरों व पुलिस की अलग-अलग कई टीम बनाकर शहर के विभिन्न स्थानों पर संचालित मेडिकल दुकानों की जांच की गई। दुकानदारों को डाक्टर की लिखी पर्ची के बगैर नशीली दवाओं की बिक्री करने पर कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई। मेडिकल दुकान संचालकों को समझाइश भी दी गई कि शहर के युवाओं को नशे से बचाए रखने के लिए समाज व मेडिकल व्यवसाइयों को एकजुट होकर जिम्मेंदारी निभानी होगी। टीम के द्वारा शहर के कुल 44 मेडिकल दुकानों में दबिश देकर मेडिकल स्टोर के स्टॉक, रजिस्टर के संधारण को चेक किया गया। जिससे मेडिकल दुकान संचालकों को अवैध गतिविधियों से दूर रहने और डाक्टर के प्रिस्क्रिप्शन पर ही दवाई देने समझाइश दी गई, साथ ही इस प्रकार का जांच अभियान भविष्य में भी जारी रहने की बात कही गई।

### थाना क्षेत्रवार हुई दवा दुकानों की जांच



- सिविल लाइन - 4 मेडिकल स्टोर
- सरकण्डा - 7 मेडिकल स्टोर
- कोनी - 5 मेडिकल स्टोर
- तोरवा - 3 मेडिकल स्टोर
- तारबाहर - 6 मेडिकल स्टोर
- सिटी कोतवाली - 6 मेडिकल स्टोर
- सिरगिट्टी - 7 मेडिकल स्टोर
- सीपत - 6 मेडिकल स्टोर

# इलाज के दौरान सिम्स में 2 महिलाओं की मौत, परिजन ने आईसीयू में की तोड़फोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बीती रात सिम्स में जमकर हंगामा मचा, सिम्स के चौथे फ्लोर स्थित आईसीयू में भर्ती दो महिलाओं की मौत के बाद परिजन बिफर उठे और रात 12 बजे जमकर हंगामा मचाया, हंगामे के दौरान परिजनों में से कुछ लोगों ने सिम्स के आईसीयू में तोड़फोड़ कर दी और इस दौरान मेनगेट का ग्लास तोड़ दिया।

- प्रसव के दौरान महिला ने तोड़ा दम
- दूसरी महिला पहुंची थी नसबंदी का आपरेशन कराने

सूत्रों के अनुसार लिंगियाडीह निवासी मोती निषाद ने अपनी पत्नी को प्रसव पीड़ा के बाद सिम्स में भर्ती कराया। बुधवार की रात डाक्टरों ने आपरेशन करने की तैयारी की, लेकिन इस दौरान महिला की तबीयत बिगड़ने लगी और उसे आईसीयू में भर्ती किया गया। डाक्टरों के इलाज के दौरान महिला की अचानक मौत हो गई। जिसके बाद परिजनों को गहरा अघात लगा। इसी दौरान आईसीयू में भर्ती नसबंदी के लिए भर्ती एक अन्य महिला की भी इसी दौरान मौत हो गई, जिसके बाद परिजनों का गुस्सा भड़क उठा। एक साथ आईसीयू में दो महिलाओं की मौत के लिए डाक्टर और स्टाफ को जिम्मेदार बताते हुए परिजन हंगामा करने लगे।




सिम्स के गार्ड ने उन्हें ऐसा करने से रोका, जिससे माहौल और भी गंभीर हो गया और परिजनों ने आईसीयू के गेट पर लगे ग्लास को तोड़ दिया। इस दौरान दीवार को नुकसान पहुंचाया गया और टाइल्स भी उखाड़ दी।

### नशे में थे परिजन

बताया जा रहा है कि महिला मरीजों के परिजनों में कुछ लोग अत्यधिक नशे में थे, वे गार्ड से ही हुज्जतबाजी करने लगे। इस दौरान आईसीयू से बाहर जाने कहने पर ही विवाद बढ़ गया। अन्य गार्ड को बुलाकर परिजनों को बाहर निकाला गया और रात में उन्हें सिटी कोतवाली ले जाया गया। चौकी में इस दौरान पुलिस कर्मी मौजूद नही थे, यहां नगर सेना के एक आरक्षक के भरोसे चौकी चलाई जा रही रही है। सिम्स में रोजाना इस तरह की घटनाएं हो रही हैं, इसके बावजूद चौकी में पुलिस की व्यवस्था दुरूस्त नहीं है।

### पुलिस को मामला सौंपा जाएगा

हंगामा मचाने वाले परिजनों की पहचान की जाएगी। मामला में डाक्टर और स्टाफ से जानकारी ली जा रही है, जिसके बाद पुलिस को मामला सौंपा जाएगा।

-डॉ लखन सिंह, अधीक्षक, सिम्स

## आईएमए की प्रांतीय बैठक में उठा मामला, दी चेतावनी

# आयुष्मान का भुगतान लंबित, निजी अस्पताल रोकेंगे इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आयुष्मान योजना के तहत निजी नर्सिंग होम और अस्पतालों को मरीजों के इलाज के बदले मिलने वाले पैकेज का भुगतान 6 माह से नहीं हो सका है। इसके बावजूद निजी अस्पताल मरीजों का इलाज कर रहे हैं। इसकी शिकायत डाक्टरों ने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन से की है। 19 अगस्त को आईएमए और हास्पिटल बोर्ड की छग इकाई द्वारा चर्चा आयोजित की गई, जिसमें कई मुद्दे रखे गए हैं। सरकार द्वारा जल्द ही इस पर रूख साफ नहीं करने पर आईएमए और डाक्टरों के द्वारा योजना के तहत मरीजों का इलाज बंद करने की बात कही जा रही है।

गरीब तबके के मरीजों को निशुल्क और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए आयुष्मान योजना लागू की गई है। प्रदेश में निजी अस्पतालों में मरीजों के इलाज के बदले सरकार पैकेज के अनुसार अस्पताल को भुगतान करती रही है, लेकिन अभी भुगतान पूरी तरह से बंद है। पिछले 6 माह से योजना के तहत अस्पतालों को भुगतान नहीं किया गया है। बताया जा रहा है कि सरकार द्वारा मार्च 2025 से अब तक भुगतान रोका गया है। कुछ अस्पतालों को भुगतान 2023 से लंबित है। आईएमए और हास्पिटल बोर्ड की छग इकाई द्वारा चर्चा के दौरान यह बात सामने आई है कि अप्रूव्ड केस को रिजेक्ट किया जा रहा है, जिससे अस्पतालों को खासा नुकसान उठाना पड़ रहा है। डाक्टर और अस्पताल प्रबंधनों ने भुगतान नहीं होने पर मरीजों के फ्री में इलाज को होने वाले परेशानियों पर खुल कर बात की और कहा कि आगामी दिनों में भुगतान नहीं होने पर योजना के अनुरूप इलाज नहीं किया जा सकेगा। खास बात यह है कि पिछले 7-8 सालों से आयुष्मान योजना के तहत निर्धारित पैकेज दरों में संशोधन नहीं किया गया है, जबकि इस अवधि में दवाइयों, जांच, उपकरणों एवं अन्य स्वास्थ्य सेवाओं की लागत में भारी वृद्धि हुई है। इसके बावजूद अस्पताल निरंतर सेवाएं दे रहे हैं।

- आयुष्मान योजना में 5 माह से नहीं किया गया निजी अस्पतालों को भुगतान

### इन मुद्दों पर हुई चर्चा

योजना का संचालन ट्रस्ट मोड से ही किया जाए। योजना में बजट आबंटन बढ़ाया जाए और इलाज की दरों की समीक्षा कर बकाया भुगतान नियमानुसार ब्याज सहित किया जाए। सरकार योजना के क्रियान्वयन और निगरानी के लिए समीक्षा समिति बनाए, जिसमें आईएमए और हॉस्पिटल बोर्ड के प्रतिनिधियों शामिल रहें और नीतिगत सुझाव शासन को दे सकें। राज्य व जिला निगरानी समिति बनाकर आईएमए और हॉस्पिटल बोर्ड के प्रतिनिधियों को जोड़ा जाए। साथ ही राज्य व जिला स्तरीय शिकायत निवारण समिति बनाई जाए। योजना में पारदर्शिता लाने 2019 से सम्पूर्ण क्लेम का सर्वर डाटा जानकारी, डैशबोर्ड अपडेट किया जाए। योजना का 2019 ऑडिट रिपोर्ट उपलब्ध कराया जाए।

### टीपीए टेंडर में देरी से उलझा मामला

राज्य का वार्षिक बजट 1500 करोड़ का आबंटन किया गया है, जो गत वर्ष की तुलना में आधा है। प्रदेश में एपीएल और बीपीएल कार्ड धारकों का प्रतिमाह 250 करोड़ का इलाज किया गया है। ऐसे में अनुपूरक बजट में प्रावधान कर राशि बढ़ाया जाना आवश्यक हो चुका है। बताया जा रहा है कि राज्य में टीपीए के टेंडर में देरी होने की वजह से भुगतान व्यवस्था चरमरा गई है। डाक्टरों ने साफ तौर पर कह दिया है कि 31 अगस्त तक भुगतान नहीं होने पर योजना के अंतर्गत काम करने में असमर्थ रहेंगे।

# कवच प्रणाली से लैस हुआ रेलवे का पहला इंजन


बिलासपुर में स्वदेशी आटोमेटिक ट्रेन प्रोटेक्शन सिस्टम शुरु किया गया।

**बिलासपुर।** दूसरे जोन के साथ अब दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन में भी कवच यानि स्वदेशी आटोमेटिक ट्रेन प्रोटेक्शन सिस्टम का कार्य शुरु कर दिया गया है, जिसके तहत रेल प्रशासन ने प्रणाली को जोन के पहले इंजन नम्बर 37704 डब्लूएपी-7 में सफलतापूर्वक लैस किया है।

एक लाइन पर चलने वाली ट्रेनों के आपसी दुर्घटना को रोकने के लिए रेलवे बोर्ड ने सभी जोन की तरह दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली ट्रेनों के इंजन में कवच का कार्य करने निर्देशित किया था। करीब चार साल पहले कवच का आदेश देने के बाद रेलवे में इसका कार्य धीरे-धीरे चलने लगा। गुरुवार को रेलवे के विभाग ने इलेक्ट्रिक लोको शेड में लोको नम्बर 37704 डब्लूएपी-7 में स्वदेशी आटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन सिस्टम कवच से लैस कर दिया है। इस प्रणाली का उद्देश्य ट्रेनों के बीच टक्कर को रोकना एवं लोको पायलट को केबिन में ही वास्तविक समय रियल टाइम सिग्नल संबंधी जानकारी उपलब्ध कराना है। यह प्रणाली स्टेशन इंटरलाकिंग और लोकोमोटिव के बीच संचार नेटवर्क के माध्यम से सिग्नल डेटा का अदान प्रदान करने के साथ ही पटरियों पर लगाए गए आरएफआईडी टैग लोकोमोटिक की सटीक स्थिति निर्धारित करने में सहायक होती है। एसईसीआर को यह कार्य करीब 551 इंजन में करना है। इसके अंतर्गत नागपुर से झारसुगुड़ा रेल खंड में कवच प्रणाली स्थापित करने का कार्य शुरु किया गया है। रेलवे के अनुसार यह उन्नत स्वदेशी संरक्षा तकनीक है, जो ट्रेन संचालन को संरक्षित और कुशल बनाने के लिए डिजाइन की गई है। यह प्रणाली सिग्नल एवं स्पीड से संबंधित दुर्घटनाओं को रोकने में पूर्णतः सक्षम है। पूरे सेक्शन में विश्वसनीय वायरलेस कम्युनिकेशन स्थापित किया जाता है, जिससे स्टेशन इंटरलाकिंग सिस्टम, सिग्नल तथा समपार फाटकों की जानकारी सीधे लोको पायलट को मिलती है।

## खबर संक्षेप

### मनाया जाएगा तीज-पोला पर्व, फूड फेस्टिवल, निकलेगी तिरंगा रैली आज

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती वर्ष में प्रवेश के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे रजत महोत्सव पर 22 अगस्त को सांस्कृतिक रंगों से सराबोर कई कार्यक्रम आयोजित होंगे। लखीराम सभागार में दोपहर 3 बजे से रात 8 बजे तक छत्तीसगढ़ फूड फेस्टिवल और पारंपरिक तीज–पोला उत्सव का आयोजन होगा। इसमें छत्तीसगढ़ के पारंपरिक व्यंजनों और लोक परंपराओं की झलक देखने को मिलेगी। शाम 6 बजे नेहरू चौक से लखीराम सभागार तक तिरंगा रैली निकाली जाएगी। इसमें स्कूली छात्र-छात्राओं, खेल संघों, सामाजिक संगठनों और नागरिकों की सहभागिता रहेगी। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि इन आयोजनों का मुख्य उद्देश्य नागरिकों में छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति और परंपराओं के प्रति गर्व की भावना जगाना है। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की है कि वे अधिकाधिक संख्या में इन कार्यक्रमों में शामिल होकर रजत महोत्सव में अपनी भागीदारी निभाएं और राज्य के 25 वें वर्ष में प्रवेश के उत्सव में सहभागी बनें।

### निः शुल्क विकलांग शल्य शिविर का शुभारंभ कल से

**बिलासपुर।** अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद का 62 वां निः शुल्क विकलांग शल्य शिविर का शुभारंभ 23 अगस्त से कलेक्टर संजय अग्रवाल के मुख्य आथित्य में होगा। शाम 4 बजे से जिला अस्पताल, पुराना बस स्टैण्ड बिलासपुर में होगा। सुबह 9 बजे से जिला अस्पताल में प्रारंभ इस शिविर में पोलियोग्रस्त, टेढ़े –मेढ़े पैरों और अन्य प्रकार की विकृतियों वाले पैरों को शल्य –क्रिया से उपचार करके ठीक किया जाएगा। ऐसे दिव्यांगजन जो घिसटकर चलते हैं और अपने पैरों पर खड़े नहीं हो सकते तथा जिनकी आयु दो से लेकर 30 वर्ष के विकलांग है,उन्हें इस शिविर का लाभ प्राप्त होगा। संगठन मंत्री डी पी गुप्ता ने बताया कि इस शिविर में विकलांगजानों के लिए भोजन,दवाएं,आदि की निः शुल्क व्यवस्था की गई है।

### काव्य गोष्ठी में प्रदर्शित हुई विकास यात्रा पर आधारित लघु फिल्म

**बिलासपुर।** राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रजत महोत्सव के तहत प्रार्थना हॉल में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राज्य की गौरवपूर्ण यात्रा और उपलब्धियों पर आधारित 5 मिनट की लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया, जिसने उपस्थित सभी लोगों को भावविभोर कर दिया। इस फिल्म में छत्तीसगढ़ के निर्माण काल से लेकर अब तक की गौरवपूर्ण उपलब्धियों को संजोया गया है। फिल्म में वर्ष 2000 में राज्य गठन के बाद से शिक्षा, स्वास्थ्य,कृषि,सड़क,उद्योग,ऊर्जा,सूचना-प्रौद्योगिकी,जैसे क्षेत्रों में हुए चहुंमुखी विकास को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया गया। फिल्म ने यह संदेश दिया कि कैसे दो दशक से अधिक की इस यात्रा में छत्तीसगढ़ ने एक पिछड़े राज्य से तेजी से प्रगतिशील राज्य बनने तक का सफर तय किया। काव्य गोष्ठी में शामिल कवि, साहित्यकारों और प्रबुद्ध नागरिकों ने फिल्म की सराहना की।

### सिम्स में बीसीएलएस और एसीएलएस का दिया गया प्रशिक्षण



**बिलासपुर।** सिम्स में 21 से 23 अगस्त तक बेसिक कार्डियक लाइफ सपोर्ट एवं एडवांस्ड कार्डियोवैस्कुलर लाइफ सपोर्ट प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का आयोजन किया गया। इस का आयोजन एनेस्थीसियोलॉजी विभाग द्वारा किया गया, जिसकी अध्यक्ष एवं चेयरपर्सन डॉ. मधुमिता मूर्ति ने की। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को कार्डियक आपात स्थितियों से निपटने आवश्यक जीवन रक्षक कौशल की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण का शुभारंभ अधिष्ठाता डॉ. रमणेश मूर्ति और चिकित्सा अधीक्षक डॉ. लाखन सिंह की उपस्थिति में हुआ। दोनों ने बताया कि कहा कि ऐसे कोर्स स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और रोगी सुरक्षा को मजबूत करते हैं। मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज से डॉ.अनिल मिश्रा, अशोक मित्तल, रायपुर मेडिकल कॉलेज से डॉ.सोनल बाजपेई, रायगढ़ मेडिकल कॉलेज से डॉ.टेसू केसरवानी, अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज से डॉ शिल्पा खन्ना उपस्थित रहे।

### तेलुगू संयुक्त समाज कल्याण समिति की बैठक में दी गई जानकारी

**बिलासपुर।** तेलुगू संयुक्त समाज कल्याण समिति की बैठक आयोजित की गई। इसमें कोषाध्यक्ष जी रविकन्ना ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता आर श्रीनिवास राव ने की। बैठक में अध्यक्ष व्ही मधुसूदनराव ने बताया कि समितियों के सहायक पंजीयक कार्यालय में नवीनीकरण के लिए आवश्यक दस्तावेज जमा कर दिया गया। 2024-2025 का लेखा-जोखा का ऑडिट रिपोर्ट बनाने दे दिए हैं प्राप्त होने के बाद उसे भी सहायक पंजीयक कार्यालय में जमा किया जाएगा। 10 अप्रैल 2025 की बैठक में सभी सदस्यों के सहमति से पूर्व अध्यक्ष बी वेणुगोपाल राव के स्थान पर व्ही मधुसूदनराव को अध्यक्ष एवं सचिव जे जगन पटनायक को नियुक्त किया गया था। समितियों के सहायक पंजीयक कार्यालय से 12 अगस्त को नियुक्ति आदेश पत्र प्राप्त हो गया इसकी जानकारी इस बैठक में दिया गया है। पिछले दिनों तेलुगू समाज द्वारा सम्मान समारोह किया गया था। अयोजनकर्तों द्वारा हमें बिना सूचना दिये हमारे समिति का नाम अंकित कर दिया गया था जो कि ये अयोजनकर्तों द्वारा किया गया असीमितता थी। भविष्य में अगर कोई भी हमसे बिना अनुमति प्राप्त हमारे समिति का नाम अंकित करते हैं तो पंजीयन समिति होने के नाते उचित कार्यवाही किया जाएगा। इस बैठक में समिति के आर श्रीनिवास राव , अध्यक्ष व्ही मधुसूदनराव, उपाध्यक्ष डी कृष्णा राव, सचिव जे जगन पटनायक, कोषाध्यक्ष जी रवि कुमार, सह सचिव एस श्रीनिवास राव, सदस्यगण व्ही रवि, एन लोकेश, जोन अध्यक्ष एम श्रीनू, ए ईश्वर राव, के वेंकेंट राव, एस टी श्रीनिवासन , जी सन्मुख राव, जगन मोहन, एन संतोष आदि मौजूद थे। यह जानकारी जी रविकन्ना ने दी।

### कन्नौजिया श्रीवास समाज के नारायण अध्यक्ष, विनोद सचिव



**बिलासपुर।** कन्नौजिया श्रीवास समाज के नारायण श्रीवास को सर्वसम्मति से समाज का अध्यक्ष निर्वाचित किया गया है। वहीं विनोद कुमार श्रीवास को सचिव निर्वाचित किए गए। इस दौरान नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला से भेंटकर कर उनसे आशीर्वाद लिया। इस दौरान श्री शुक्ला ने उन्हें सामाजिक एकता को बनाए रखने, भवन बनाने, संबंधी निर्देश दिए। इस दौरान शिव प्रसाद, श्याम, रघु गोलू, परदेशी, पवन, थलेश, कमलेश, राजेश, रामचंद आदि मौजूद थे।

---

**कैसे बिकेगा समर्थन मूल्य पर धान**

**बगैर पंजीयन वाले किसानों को समर्थन मूल्य पर धान की बिक्री करने में हो सकती है दिक्कत**

# शामिल खाता, महल ग्राम व नगरीय निकाय से संबंधित 22 हजार किसानों का एग्रीस्टेक पंजीयन अटका

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शामिल खाता, नगरीय निकाय वाले क्षेत्रों में स्थित कृषि भूमि व एक ही किसान के नाम पर दो अलग-अलग गांवों में कृषि भूमि होने सहित विभिन्न मामलों वाले 22 हजार किसानों का एग्रीस्टेक पंजीयन अधर में लटक गया है। हालांकि इसके पीछे केंद्र स्तर की गड़बड़ी बताई जा रही है, जिसमें जल्द ही सुधार की उम्मीद है। सुधार नहीं होने की दशा में बगैर पंजीयन वाले किसानों को समर्थन मूल्य पर धान की बिक्री करने में दिक्कत हो सकती है।

एग्रीस्टेक पंजीयन के लिए, लगातार समयसीमा बढ़ाने के बाद भी जिले में आज की स्थिति में भी 22 हजार किसानों का पंजीयन लंबित है। हालांकि इसके पीछे किसी किसान या पंजीयन करने में जुटे विभागों की गलती नहीं है, बल्कि मामला केंद्र स्तर पर ही



उलझा हुआ है। जिले में ऐसे किसान बड़ी संख्या में हैं, जिनके परिवार में खेतों का पृथक-पृथक बंटवारा तो हो चुका है व लोग अपने हिस्से में काबिज भी हैं, लेकिन खाता-पर्ची अलग नहीं होने के कारण वह शामिल खाता कहला रहा है। शामिल खाते वाले मामलों में एग्रीस्टेक पंजीयन नहीं हो पा रहा है। इसी तरह ऐसे किसान जिनकी कृषि भूमि दो अलग-अलग गांवों में है, उनके भी पंजीयन का ऑप्शन नहीं दिखाई पड़ रहा है।

इसी तरह ऐसे गांव जहां कृषि भूमि का रकबा अधिक होने के कारण भूमि को कई महल नंबरों में बांटा गया है तो ऐसे मामलों में भी एग्रीस्टेक पंजीयन बाधित हो रहा है। नगरीय निकाय क्षेत्रों में आने वाली कृषि भूमि का भी पंजीयन लंबित ही है। जिले में कुल 1 लाख 25 हजार किसानों ने बीते वर्ष समर्थन मूल्य पर धान की बिक्री की थी, जिनमें 1 लाख 3 हजार किसानों के पंजीयन किए जा चुके हैं, लेकिन तकनीकी दिक्कतों के चलते 22 हजार किसान आज भी एग्रीस्टेक पंजीयन से वंचित हैं।

#### पूर्ण हो जाएंगे लंबित पंजीयन

एग्रीस्टेक पंजीयन में शामिल खाता, नगरीय निकाय क्षेत्रों की भूमि, एक से अधिक महल नंबर वाले गांव की भूमि एवं एक से अधिक गांवों में किसान की कृषि भूमि होने के मामलों में दिक्कत आ रही है। यह दिक्कत स्थानीय स्तर पर नहीं, बल्कि सेंट्रल लेवल पर और पूरे देश में है। सुधार का प्रयास लगातार जारी है। उम्मीद है कि जल्द ही सारे लंबित पंजीयन पूर्ण कर लिए जाएंगे।

**-केएस यादव**, अधीक्षक भू अभिलेख

---

**बिलासपुर और रेल मंडल के लाखों यात्रियों का सफर हुआ रद्द**

# हावड़ा-मुम्बई की ट्रेनों के थमे पहिए : 31 तक होगी 5 करोड़ की टिकिट रिफंड



**बिलासपुर।** हावड़ा से मुम्बई के बीच चलने वाली ट्रेनों के पहियों को अधोसंरचना के नाम पर 19 अगस्त से 3 सितम्बर तक रोकने का आदेश जारी करने के बाद जोन के दो मुख्य डिवीजन रायपुर और बिलासपुर में यात्रियों को किराए की राशि रिफंड करने की शुरुआत कर दी गई है, जिसके तहत 16 दिन की रद्द ट्रेनों में 31 अगस्त तक में करीब 5 करोड़ रुपए से अधिक की राशि रिफंड की जा रही है।

बिलासपुर रेल मंडल के किरोड़ीमल नगर रेलवे स्टेशन को चौथी रेल लाइन से जोड़ने के अलावा दपूरे चक्रधरपुर मंडल के झारसुगुड़ा यार्ड में नान इंटरलाकिंग कार्य के लिए 24 दिन का प्री एनआई वर्क किया जा रहा है। इसके कारण बिलासपुर और रायपुर होकर चलने वाली हावड़ा-मुम्बई सहित स्पेशल व अन्य ट्रेनों के पहियों को 19 अगस्त से 3 सितम्बर यानि 16 दिनों के लिए रोक दिया गया है। 19 अगस्त से रोके जाने वाली ट्रेनों के पहियों के कारण कंफर्म और वेटिंग टिकिट लेने वाले यात्रियों की किराए की पूरी राशि भी रेल प्रशासन ने वापसी करना शुरु कर दिया है।

#### डायवर्ट होकर भी चलेंगी ट्रेनें

रेलवे के अनुसार 23 अगस्त को हावड़ा से रवाना होने वाली 12222 हावड़ा-पुणे दूरंतो एक्सप्रेस को परिवर्तित मार्ग झारसुगुड़ा, टिटलागढ़, लाखोली, रायपुर होकर और 25 अगस्त को पुणे से रवाना होने वाली 12221 पुणे-हावड़ा दूरंतो एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग रायपुर, लाखोली, टिटलागढ़, झारसुगुड़ा होकर चलाई जाएगी। परिवर्तित मार्ग से चलने के कारण दूरंतो एक्सप्रेस में सफर करने की सुविधा बिलासपुर जोनल रेलवे स्टेशन के यात्रियों को नहीं मिल पाएगी। वहीं 24 से 27 अगस्त तक 68861/68862 गोंदिया-झारसुगुड़ा और झारसुगुड़ा-गोंदिया एक्सप्रेस बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच, 23, 35, 26 अगस्त को 12410 निजामुद्दीन-रायगढ़ गोंडवाना एक्सप्रेस बिलासपुर में समाप्त कर बिलासपुर से रायगढ़ के बीच, 25, 27, 28 अगस्त को 12409 रायगढ़-निजामुद्दीन गोंडवाना एक्सप्रेस रायगढ़ के स्थान पर बिलासपुर से रवाना की जाएगी। यह गाड़ी बिलासपुर से रायगढ़ के बीच रद्द रहेगी।

#### तीजा पर्व में दो स्पेशल ट्रेन की सुविधा

तीजा पर्व के दौरान ट्रेनों में महिलाओं की भीड़ को कम करने के लिए दो जोड़ी तीजा फेस्टिवल ट्रेन चलाने का आदेश दे दिया है। तीजा फेस्टिवल फास्ट मेमू ट्रेन का परिचालन रायपुर से अनूपपुर और रायपुर से ताड़ोकी स्टेशन के बीच किया जाएगा। गाड़ी संख्या 06803/06804 रायपुर-अनूपपुर तीजा फेस्टिवल फास्ट मेमू 24 व 28 अगस्त को एवं 06805/06806 रायपुर-ताड़ोकी तीजा फेस्टिवल 25 व 29 अगस्त को चलाई जाएगी। रायपुर से अनूपपुर के बीच चलने वाली स्पेशल ट्रेन 4.50 बजे रवाना होकर सिलयारी, तिल्दा, हथबंद, भाटापारा, बिल्हा होते हुए उसलापुर 7.10 बजे पहुंचेगी। उसलापुर से ट्रेन करगीरोड, बेलगहना, टेंगनमाड़ा, खोंगसरा, सारबहरा, पेण्ड्रारोड, जैतहरी होकर 10.15 बजे अनूपपुर पहुंचेगी।

**यह ट्रेनें की गई रद्द**

18109/18110 टाटा-नेताजी सुभाषचंद्र बोस-टाटा एक्सप्रेस, अप डाउन टाटानगर-बिलासपुर एक्सप्रेस, सांतरागाछी-पुणे एक्सप्रेस, हावड़ा-मुम्बई एक्सप्रेस, हटिया-पुणे एक्सप्रेस, पुरी-जोधपुर एक्सप्रेस, उदयपुर-शालीमार एक्सप्रेस, गया-कुर्ला एक्सप्रेस, पोरबंदर-शालीमार एक्सप्रेस, वास्को द गामा-जसीडीह एक्सप्रेस, हैदराबाद-रक्सौल एक्सप्रेस, कुर्ला-शालीमार एक्सप्रेस, दरभंगा-चर्लापल्ली एक्सप्रेस, हैदराबाद-रक्सौल एक्सप्रेस, चर्लापल्ली-रक्सौल एक्सप्रेस, नांदेड़-संतरागाछी एक्सप्रेस, मालदाटाउन-सूरत एक्सप्रेस, संतरागाछी-पुणे एक्सप्रेस, टाटानगर-इतवारी एक्सप्रेस, सांतरागाछी-पुणे एक्सप्रेस, कामख्या-कुर्ला एक्सप्रेस, पुणे-हटिया एक्सप्रेस, जोधपुर-पुरी एक्सप्रेस, शालीमार-उदयपुर एक्सप्रेस, सूरत-मालदा एक्सप्रेस, शालीमार-पोरबंदर एक्सप्रेस, बिलासपुर-पटना एक्सप्रेस, मुम्बई-हावड़ा एक्सप्रेस, शालीमार-कुर्ला एक्सप्रेस, बिलासपुर-रायपुर मेमू सहित अन्य ट्रेन शामिल हैं।

---

**पूर्व मुख्यमंत्री ने राज्यपाल व मुख्यमंत्री से किए सवाल**

# मंत्रिमंडल का गठन असंवैधानिक : भूपेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार को असंवैधानिक बताया है। उन्होंने 2018 के हाईकोर्ट के आदेश का उल्लेख करते हुए बताया कि लोकसभा से भी प्रदेश में 13 मंत्री का पद पारित है तो 14 मंत्री कैसे बना लिए। कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए लोगों को मंत्री बनाए जाने के संबंध में उनका कहना है कि भाजपा कार्यकर्ता दरी उठाने और झंडा लगाने का काम करते हैं, दूसरे दल से आए लोगों को वहां पद दिया जाता है।



निजी कार्यक्रम में शहर आए श्री बघेल ने कहा कि लोकसभा में यह पारित हुआ है कि 15 प्रतिशत मंत्री बनाए जा सकते हैं। इसके अलावा मार्च 2018 में हाईकोर्ट का भी आदेश है, इसीलिए रमन सिंह के कार्यकाल में भी 13 मंत्री थे तो अब कैसे 14 मंत्री बना दिए। उनका कहना है कि यह मंत्रिमंडल गैरकानूनी, असंवैधानिक है और जब राज्यपाल ही असंवैधानिक कृत्य करें तो कहां शिकायत करें। उन्होंने इस मंत्रिमंडल विस्तार को घोर आपत्तिजनक बताया है। कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए दो लोगों को मंत्री बनाए जाने के सवाल पर उनका कहना है कि उन्होंने पुन्नूलाल मोहले, अमर अग्रवाल, धरमलाल कौशिक, अजय चन्द्राकर, राजेश मूणत जैसे भाजपा नेताओं का नाम लेते हुए कहा कि भाजपा में उनकी परवाह नहीं है। लोकसभा में बुधवार को पीएम, सीएम सहित मंत्रियों को हटाने के संबंध में पारित विधेयक के संबंध में उनका कहना है कि पीएम को कानून के दायरे में लाने बिल पेश हुआ है। पीएम के खिलाफ कौन शिकायत करेगा। उनका कहना है कि निर्वाचन आयोग तक की तो हिम्मत नहीं है तो कोई थानेदार पीएम के खिलाफ एफआईआर कर पाएगा। उनका कहना है कि मोदी सरकार में मुख्यमंत्री, मंत्रियों के खिलाफ एफआईआर हो सकती है, किन्तु नौकरशाहों के खिलाफ एफआईआर नहीं होती, यह लोकतंत्र के लिए घातक है।




### साड़ी संसार में नीलिमा को मिली सोने की अंगूठी

**बिजनेस प्लस**

**बिलासपुर।** अग्रसेन चौक श्रीराम क्लाथ मार्केट स्थित साड़ी संसार के 25 वीं वर्षगांठ पर तीजा और दिवाली पर्व को देखते हुए एक विशेष ऑफर चलाया जा रहा है। इसमें 3 हजार की खरीदी करने पर एक कूपन दिया जा रहा है। जिसमें ग्राहकों को सोने की अंगुठी, सोने का सिक्का, चांदी की पायल, ट्रॉली बैग, क्राकरी सेट जितने का मौका मिल रहा। इसका दूसरा लकी ड्रा 20 अगस्त को निकाला गया। जिसमें पहला इनाम सोने की अंगूठी नीलिमा पांडेय (देवरीखुर्द ), दूसरा इनाम सोने का सिक्का रीना राठौर (गीतांजलि सिटी फेस टू), तीसरा इनाम चांदी का पायल निधि (रेलवे कॉलोनी) और चौथा इनाम 5 ट्रॉली बैग प्रतिभा (आर्या कॉलोनी तिफरा), पवन गिरी (मोपका), धर्मेश बंजारे, राकेश गुप्ता (व्यापार विहार), किरणलता (रामकृष्ण नगर, मोपका) पांचवा ईनाम 5 क्राकरी सेट सुभाष तिवारी, सुधा शर्मा ( कुदुदण्ड), हरदीप भारद्वाज (देवरीखुर्द), प्रणय वर्मा (गुरुनानक चौक), यतीन सिंह (अभिषेक नगर, मंगला) को दिया गया। साड़ी संसार के डायरेक्टर ने बताया कि हमारे द्वारा चलाई जा रही उपहार योजना का संस्थान को अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। उन्होंने बताया कि इस ड्रा को लेकर महिलाओं में काफी उत्साह है। हर दिन खरीददारी करने ग्राहक साड़ी संसार पहुंच रहे हैं। इससे दुकान में सुबह-शाम तक लोगों की काफी भीड़ देखी जा सकती है। साड़ी संसार के लकी ड्रा में शामिल होने का यह बढ़िया अवसर है। यह लकी ड्रॉ दिवाली तक चलेगा और हर दशवें दिन लकी ड्रॉ निकाल कर इनाम विजेताओं को दिया जा रहा है।

### छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज की बिलासपुर इकाई गठित



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज बिलासपुर इकाई का गठन किया गया। इसमें भागचंद बजाज अध्यक्ष एवं कार्यकारी अध्यक्ष विनोद मेघानी, दयानंद तीर्थानी, श्रीकांत पांडे, नवदीप छाबड़ा, अमित अग्रवाल बनाए गए हैं।

इसी तरह संरक्षक हरीश केडिया, डी.डी. आहूजा, प्रकाश ग्वालानी, राजकुमार खुशलानी, परमानंद बजाज, सुनील सोनथालिया, मनोहर पमनानी, छेदीलाल सराफ, अमरजीत टुटेजा, नारायण उमरानी, कमल विधानी, पवन अजमानी, सुभाष अग्रवाल, प्रकाशचंद वाधवानी, प्रमोद खेड़िया, अनिल सलूजा हैं। सलाहकार किशोर गेमनानी, शंकर मनचंदा, नानकराम खटूजा, पवन वाधवानी, पूरन सिदारा, हरजीत सिंह सलूजा, श्रीचंद टहिल्यानी, राकेश लोकचंदानी, रमेश वाधवानी (बम्मू), तेजपाल सिंह, किरन पाल सिंह चावला, रजत मलहोत्रा, सौरभ सोनछात्रा, गुरुशरण सिंह भाटिया हैं। सचिव महितोष सराफ, सह सचिव-नीरज जग्यासी, राजकुमार धमेचा कोषाध्यक्ष अविनाश आहूजा, उपाध्यक्ष - सुरेश सिदारा, मुकेश अधीजा, सतीश लाल, अरविंद दामा (भानुशाली), साजिद वनक, सचिन अग्रवाल, बजरंग अग्रवाल, राजेश गंगवानी, राजेश अग्रवाल, आलोक घई, लखन नागदेव, अरविंद टुटेजा, शब्बीर बुखारी, मुकेश विधानी, राकेश मंधानी, मनीष मोटवानी, सन्नी अजमानी, मंत्री मनोज उभरानी, हर्षदीप सिंह होरा, कैलाश पेशवानी, प्रकाश चावला, दिनेश नामदेव, शंकर जीवनानी, अजय टलिल्यानी, मनोज सरवानी, नटवर अग्रवाल, अनिल नेवदानी, दीपक सुतारिया, सुनीत तेजाणी शामिल हैं। इसके अलावा मीडिया प्रभारी जीतू चौबे, राम सुखीजा, ए शंकर राव है। कार्यकारिणी सदस्य अनुपम अरोरा, अरुण चौधरी, अंकुर अग्रवाल, रजत अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, अविनाश चौधरी, कपिल हरिरामानी, हेमंत जीवनानी, राहुल छुगानी शामिल हैं। यह कार्यकाल 2025-से 2028 तक रहेगा।

### पूर्व सीएम बघेल ने स्व. आशा को दी श्रद्धांजलि, व्यक्त की शोक संवेदना



**बिलासपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गुरुवार 21 अगस्त को नेहरू नगर अर्चना विहार कालोनी स्थित स्व. ठाकुर बलराम सिंह के निवास पहुंचकर स्वर्गीय आशा सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री बघेल ने उनके निधन पर पुत्र ठाकुर आशीष सिंह, आलोक सिंह, आदित्य सिंह, पुत्रवधु रश्मि सिंह (पूर्व विधायक) सहित परिवार के सदस्यों से भेंट की तथा शोक संवेदना व्यक्त करते हुए सम्बल प्रदान किया। श्री बघेल ने कहा वे ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि भगवान मृतात्मा को अपने श्री चरणों में जगह प्रदान करें एवं परिवार को इस दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें। श्री बघेल के साथ विधायक अटल श्रीवास्तव, विधायक दिलीप लहरिया, विधायक बालेश्वर साहू, शहर अध्यक्ष विजय पाण्डेय, कांग्रेस नेता प्रमोद नायक, रामशरण यादव, अभयनारायण राय, राजेन्द्र शुक्ला, महेश दुबे, नरेन्द्र बोलर, मंजू सिंह अकलतरा, जावेद मेमन, शिव बालक कौशिक, जितेन्द्र पाण्डेय सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे। श्री बघेल बिलासपुर प्रवास पर आशिष सिंह के परिवार से मिलने के पश्चात छत्तीसगढ़ भवन पहुंचे। जहां कांग्रेसजनों से मेल मुलाकात की। स्वर्गीय आशा सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करने आशीष ठाकुर परिवार से मिलने पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे भी बिलासपुर पहुंचे। रश्मि आशीष सिंह के निवास पहुंचकर श्री चौबे ने स्वर्गीय माता श्री को श्रद्धांजलि अर्पित कर परिवारजनों से मुलाकात की।

### गजेंद्र यादव को मंत्री बनने पर दी बधाई



**पॉलिटिक्स प्लस**

बिलासपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के बहुप्रतीक्षित मंत्री मंडल का विस्तार किया गया। जिसमें 3 नए विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली। जिसमें दुर्ग के विधायक गजेंद्र यादव को शिक्षा एवं विधि विधायी, ग्रामोद्योग मंत्री बनाया गया। इस अवसर पर भारत स्काउट एंड गाइडस के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव, प्रदेश भाजपा मंत्री शिवनाथ यादव, भाजपा नेता नीरज यादव, देवनारायण यादव उपाध्यक्ष जिला पंचायत सरगुजा, हितेश यादव मंडल अध्यक्ष जांजगीर समेत सरगुजा बिलासपुर संभाग के सैकड़ों नेता राजभवन पहुंचे। उन्हें इस नवीन दायित्व की बधाई दी।

---

**राशन दुकानों में स्टॉक होने पर बांटा जा रहा चावल**

# एपीएल राशन कार्डधारियों को दिया जा रहा अगस्त माह का खाद्यान्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- **जहां चावल नहीं, वहां नान से जल्द होगी आपूर्ति**

राशन दुकानों में एपीएल कार्डधारियों का अगस्त माह का चावल वितरण आखिरकार प्रारंभ कर दिया गया है, जिन राशन दुकानों में चावल का स्टॉक है, वहां तो वितरण प्रारंभ है, लेकिन जहां स्टॉक ही नहीं है वहां के हितग्राहियों को कुछ इंतजार करना पड़ सकता है।

हालांकि कार्डधारी उपलब्धता की जानकारी होने पर शहर की किसी भी राशन दुकान से अपना अगस्त माह का चावल प्राप्त कर सकते हैं। नान के द्वारा एक-दो दिनों में ही अनुपलब्धता वाली सभी राशन दुकानों में चावल का भंडारण



कर दिया जाएगा। अगस्त महीने का चावल अब तक प्राप्त नहीं होने से परेशान होने वाले एपीएल राशन कार्डधारियों की शिकायत अब समाप्त हो जाएगी। राशन दुकानों से अब अगस्त माह का चावल वितरित किया जाने लगा है। ऑनलाईन पोर्टल में अब वितरण का ऑप्शन आने के बाद ऐसे राशन दुकानदार, जिनके पास चावल का स्टॉक उपलब्ध है, वे हितग्राहियों को चावल वितरित कर पा रहे हैं। इसी तरह जहां आज की दशा में स्टॉक नहीं है, उन्हें नागरिक आपूर्ति निगम से स्टॉक का भंडारण करवाना पड़ेगा। खाद्य विभाग के अनुसार एक से दो दिनों के भीतर ही अनुपलब्धता वाली सभी राशन दुकानों में भंडारण कर दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा बीपीएल व एपीएल कार्डधारियों को जून से अगस्त तीन माह का चावल एकमुश्त जारी किया जाना प्रस्तावित था। इसके अंतर्गत जिले के सारे बीपीएल कार्डधारियों को तो तीन माह का चावल वितरित किया गया, लेकिन एपीएल कार्डधारियों को प्रत्येक माह का पृथक-पृथक चावल देने की व्यवस्था बनाई गई।

#### कहीं से भी ले सकते हैं चावल

राशन दुकानों में एपीएल के अगस्त माह के लंबित खाद्यान्न का वितरण किया जा रहा है। एपीएल कार्डधारी शहर की कोई भी राशन दुकान, जहां चावल का स्टॉक उपलब्ध है वहां से चावल प्राप्त कर सकते हैं।

**-अमृत कुजूर**, खाद्य नियंत्रक

**कार्यालय प्राचार्य, उषादेवी मेमोरियल कालेज, सकरी, बिलासपुर (छ.ग.)**

क्रं. 92/UDMC/ बिलासपुर दिनांक :–19/08/2025

**आवश्यकता विज्ञापन**

उषादेवी मेमोरियल कॉलेज, सकरी, बिलासपुर में निम्नलिखित पदों पर यू.जी.सी. के मानकों के अनुरुप परिनियम–28 के अनुसार नियुक्ति हेतु दिनांक 05/09/2025 तक योग्य उम्मीदवारो से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है :–

**1. सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य)-02 पद, 2. सहायक प्राध्यापक (रसायन)-01 पद, 3. सहायक प्राध्यापक (जन्तुविज्ञान)-01 पद, 4. सहायक प्राध्यापक (वनस्पति शास्त्र)-01 पद, 5. सहायक प्राध्यापक (कम्प्यूटर सांईस)-01 पद, 6. सहायक प्राध्यापक (राजनीति शास्त्र)-01 पद, 7. सहायक प्राध्यापक (समाज शास्त्र)-01 पद, 8. सहायक प्राध्यापक (इतिहास)-01 पद**

नोट :–1.योग्यता–यू.जी.सी./राज्य शासन के द्वारा निर्धारित योग्यता। 2. वेतनमान–यू.जी.सी./राज्य शासन के नियमानुसार मूल वेतन प्रदान किया जायेगा। 3. नियमानुसार आरक्षण रोस्टर का पालन किया जायेगा। 4. पदों की संख्या परिवर्तनीय है। 5. अपना बायोडाटा ईमेल ushadevicollege@gmail.com में प्रेषित कर सकते है।

**प्राचार्य-उषादेवी मेमोरियल कॉलेज सकरी, बिलासपुर (छ.ग.)**

# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, शुक्रवार 22 अगस्त 2025

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




लोक पर्व

## पोला पर होगी बैल दौड़ सज्जा प्रतियोगिता



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के लोक पर्व पोला के अवसर पर पिछले 25 वर्षों से आयोजित आदर्श युवा मंच द्वारा स्वर्गीय चंद मनुज जी की स्मृति में बैल दौड़ एवं सजा- सज्जा प्रतियोगिता संध्या 4 बजे लाल बहादुर शास्त्री शाला के मैदान में आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव होगें, विशिष्ट अतिथि पूर्व महापौर राम शरण यादव,प्रमोद नायक,राजेंद्र शुक्ला,अभय नारायण राय, अमर बजाज, किरण सिंह, सुरेंद्र कश्यप, रमेश दुआ रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे सीएमडी कॉलेज के चैयरमेन संजय दुबे होंगे। प्रतियोगिता में शामिल सभी प्रतियोगियों का सम्मान किया जाएगा तथा दौड़ एवं साज सज्जा प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय तृतीय आने वाले प्रतियोगियों को नगद राशि एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया जाएगा। छत्तीसगढ़ के राज्य स्थापना वर्ष से चालू यह प्रतियोगिता लुप्त होती परंपराओं को पुनर्जीवित करने का एक सार्थक प्रयास है, वर्षों पुरानी परंपराओं को जीवंत रखते हुए वर्तमान पीढ़ी के मन में बैलों के प्रति आस्था एवं खेती किसानी का महत्व को बताना है।

आयोजन

## ब्रह्माकुमारीज ने लगाई व्यसन मुक्ति, झांकी की प्रदर्शनी



**बिलासपुर।** ब्रह्माकुमारीज संस्था की ओर से पुलिस परेड मैदान में व्यसन मुक्ति झांकी लगाई गई। समारोह के मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने झांकी का अवलोकन किया। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय बिलासपुर के मुख्य शाखा टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित राजयोग भवन की संचालिका बीके स्वाति दीदी ने बताया कि हमारी भारत माता अंग्रेजों की गुलामी से तो स्वतंत्र हो गई परंतु भारत में आज हर वर्ग व्यसन की जंजीरों में लिप्त है तथा हमारी भारत मां आज भी व्यसनों की जंजीरों में बंधी हुई है। समाज के हर वर्ग के सहयोग से व्यसन मुक्त समाज की संकल्पना साकार होगी। जब आज के युवा का चरित्र स्वामी विवेकानंद की तरह होगा तभी हमारा भारत देश विश्व गुरु बन पाएगा। पुलिस ग्राउंड की झांकी के बाद पूरे शहर में मेरा बिलासपुर नशा मुक्ति बिलासपुर की थीम पर शोभायात्रा निकाली गई और लोगों को नशा मुक्ति का संदेश देते हुए नशा से होने वाले नुकसान के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम में बीके रमा बहन तालापारा, बीके कांता बहन सिरगिट्टी, बीके राखी बहन रामाग्रीन सिटी, बीके उमा बहन राजकिशोर नगर, बीके छाया बहन उसलापुर, बीके लता बहन हेमूनगर सहित कार्यक्रम में सैकड़ो ब्रह्माकुमार भाई-बहन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम

## चित्रकला में पिंकी, देशभक्ति गीत में प्रिंसी रही प्रथम



**बिलासपुर।** वसुंधरा क्लब बिलासपुर ने देशभक्ति गीत, चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता आयोजित की। इसमें स्कूली बच्चों ने उत्साह से भाग लिया। अशोकनगर स्थित न्यू मॉडर्न हाईस्कूल में दो वर्गों में आयोजित यह प्रतियोगिता स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों पर आधारित थी। क्लास 5 वीं से 7 वीं तक के बच्चों ने चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिया। इसमें प्रथम पिंकी ठाकुर, द्वितीय जीनत खान, तृतीय अमन राव एवं निबंध में कक्षा 8 वीं से 10 वीं तक से प्रथम पिंकी पटेल, द्वितीय जीनत खान, तृतीय कार्तिक भोंसले रहे। देशभक्ति गीत में प्रिंसी ठाकुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया कार्यक्रम का आयोजन क्लब अध्यक्ष रश्मि लता मिश्रा एवं सचिव अर्चना तिवारी ने किया। उनका सहयोग डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन सुधा परिहार ने किया। अंत में विजेता बच्चों को उपहार दिया गया। अध्यक्ष श्रीमती मिश्रा ने बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर क्लब सदस्य विनीता मिश्रा, एमजेएफ संजना मिश्रा, सीता तिवारी, दिनेश साहू, काजल भट्टाचार्य, हिमांशी कदम, स्वाती धनकर और पंचराम साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य किरण सिंह ठाकुर एवं आभार व्यक्त नवल किशोर सिंह ने किया।

कार्यक्रम

## कृष्ण जन्मोत्सव पर छोटे बच्चों ने राधा कृष्ण की वेशभूषा में मन मोहा



**बिलासपुर।** इमलीपारा स्थित पंजाबी संस्था भवन में पंजाबी हिन्दू महिला संस्था द्वारा श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। छोटे-छोटे बच्चों ने राधा-कृष्ण की वेशभूषा धारण कर सभी का मन मोह लिया। कृष्ण जी का सुंदर झूला सजाया गया और महिलाओं ने बड़े भक्तिभाव से उसमें भगवान को विराजित किया। वातावरण भक्ति गीतों, भजनों और कीर्तन से गूंज उठा,कार्यक्रम में पंजाबी महिलाओं ने समूह में नृत्य प्रस्तुत कर माहौल को और भी जीवंत बना दिया। गीत-संगीत और भजन-कीर्तन के दौरान उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। सभी ने भगवान कृष्ण के बाल स्वरूप का अभिनंदन किया और प्रसाद वितरण के साथ आनंद साझा किया। योगिता, मानसी, रत्ना, सरिता, सोनल, रजनी, नमिता, रीता, सुषमा, अनीता, नेहा, नीला, मीना, ज्योति, कमला, सपना, पूजा, कविता, शीला, हर्षबाला, कौशल्या, लूथरा, शशि, जसबीर, स्वीटी, रीचा, सुनीता, अन्नु, अंचली, रेखा, शारदा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद थीं।

### 50 वें वर्ष में आदर्श दुर्गोत्सव समिति करने जा रही अनूठे आयोजन

# पंडाल में जाएंगे तो लगेगा राजस्थान के महल में आ गए 24 फीट ऊंची माता की प्रतिमा देख रह जाएंगे चकित

दुर्गोत्सव में शानदार स्थल सजावट के लिए प्रसिद्ध आदर्श दुर्गोत्सव समिति अपने गठन के 50वें वर्ष में इस साल अनूठे आयोजन करने जा रही है। इस साल समिति गोंड़पारा की तंग गली की जगह रिवरव्यू चौपाटी के पीछे प्रतिमा स्थापित करने जा रही है। यहां 25 हजार वर्गफीट में भव्य राजस्थानी महल का पंडाल बनाया जा रहा है, पंडाल में 24 फीट ऊंची देवी की प्रतिमा स्थापित करने की तैयारी की जा रही है। 1 लाख 20 हजार वर्गफीट में श्रद्धालुओं को चारों धाम के दर्शन होंगे, नवग्रह, भैरव बाबा के भी दर्शन हो जाएंगे।

**बिलासपुर।** समिति के अध्यक्ष जवाहर सराफ ने बताया कि प्रतिमा कोलकाता के कलाकार बना रहे हैं, 24 फीट ऊंची प्रतिमा स्थल में ही बनाई जा रही है। पंडाल बनाने का कार्य चल रहा है, बांस का स्ट्रक्चर बनकर तैयार हो गया है। यह आयोजन 1 लाख 20 हजार वर्गफीट के क्षेत्र में होगा।

उन्होंने बताया की 50वें वर्ष को खास बनाने समिति द्वारा तैयारी की जा रही है, माता के भव्य आगमन से लेकर स्थापना व पूजा तक को विशेष बनाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया की पूरे 11 दिनों तक यहां लेजर लाइट व फाउंटेन शो होगा। हर दिन आकर्षक लाइटिंग से भगवान का प्रतिबिंब बनाते हुए नदी की ओर लाइट शो किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम स्थल पर रामलीला का मंचन व रावण दहन का कार्यक्रम भी होगा। हर संध्या पूरे 11 दिनों तक छत्तीसगढ के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा माता का जगराता व भजनों की प्रस्तुति भी होगी। पंडितों द्वारा विधि-विधान से दुर्गा माता की विराट पूजा की जाएगी,इस कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट शहर के 8 से 10 मुख्य चौराहों में एलईडी लगाकर किया जाएगा, इसके साथ ही यूटयूब व सोशल मीडिया में लाइव प्रसारण चलता रहेगा। यह उत्सव शहर के जनसहयोग से किया जा रहा है, जिसमें बहुत अधिक खर्च होगा। इसमें हर वर्ग का सहयोग समिति को मिल रहा है।

### 11 दिन मनाया जाएगा उत्सव, माता भक्ति के साथ होगा रामलीला का मंचन, अंत में रावण दहन भी



**1 लाख 20 हजार वर्गफीट में बनेगा घेरा**

**शहर में किया जाएगा लाइव प्रसारण**

**प्रतिभावान छात्र,खिलाड़ी व समाज के अध्यक्षों का समान**

अध्यक्ष जवाहर सराफ ने बताया की शहर में सौ से अधिक समाज के लोग रहते है,जिसे समिति द्वारा हर दिन समाज के प्रमुखों को आमंत्रित कर सम्मान किया जाएगा। इसके साथ ही शहर के प्रतिभावन छात्र व खिलाड़ी जो शहर के नाम रोशन कर रहे है,उनकों भी समिति द्वारा सम्मानित किया जाएगा। शहर के तमाम दुर्गा समितियों के अध्यक्षों का भी सम्मान यहां पर होगा।

#### बस्तर का बाजा बजेगा आकर्षक आतिशबाजी होगी

श्री सराफ ने बताया कि माता का भव्य आगमन 21 सितंबर को होगा। लालबहादु शास्त्री स्कूल मैदान से माता का आगमन प्रारंभ होगा, यहां से वे आयोजन स्थल तक पहुंचेंगी, यहां पर लोगों के बैठने की व्यवस्था होगी। इस दौरान बस्तर का बाजा बजेगा, 7 से 8 प्रकार की झांकी होगी व अन्य कई तरह के आयोजन होंगे।

#### आदर्श चौक में भी माता होंगी विराजित

अध्यक्ष ने बताया की समिति की परंपरा को बनाए रखने आदर्श चौक गोंड़पारा में भी दुर्गा माता की प्रतिमा की स्थापना होगी। यहां भी पूरे 11 दिनों तक विधी-विधान से दुर्गा मां की पूजा होगी। यहां भी आकर्षक लाइटों से पूरी गली को सजाया जाएगा। समिति की मुख्य पहचान होने से इस जगह में भी आकर्षक पंडाल बनाया जाएगा।

#### रावण दहन होगा भव्य व महाष्टमी में आतिशबाजी

सांमेति दशहरा पर्व को भी धूमाधाम से मनाएगी, यहां दशहरा के दिन आतिशबाजी के साथ रावण दहन कार्यक्रम होगा। महाअष्टमी के दिन भी आतिशबाजी की जाएगी। समिति के सदस्यों ने बताया कि हर शाम भक्तिमय आयोजन किया जाएगा, जिसमें छत्तीसगढ के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा गीत व भजनों की प्रस्तुति होगी।

#### पार्किंग व सुरक्षा व्यवस्था भी मुस्तैद

शहर का सबसे बड़ा आयोजन होने से दूर-दूर से लोग यहां देखने पहुंचेंगे, जिसमें गाड़ियों की पार्किंग व सुरक्षा का भी ध्यान रखने खास व्यवस्था की गई है। आसपास जगहों को पार्किंग के लिए रिजर्व रखा गया है, जहां पर व्यवस्थित गाड़ियों को रखा जाएगा। इसके आलावा लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सीसीटीवी कैमरे व सुरक्षा के इंतजाम किए जा रहे हैं।

## सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय के लिए रुद्राभिषेक व महामृत्युंजय जाप



**बिलासपुर।** सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय के मूलमंत्र के पवित्र उद्देश्य से इस अनुष्ठान की शुरुआत की गई है। इस अनुष्ठान का व्यापक महत्व है और शहरवासियों को इसका लाभ मिलेगा।

अनुष्ठान सम्पन्न कराने वाले काशी वाराणसी के आचार्य उदित नारायण मिश्र ने यह बात कही। नर्मदा नगर में कांग्रेस नेता विजय केशरवानी के निवास में चल रहे अनुष्ठान के बाद गुरुवार को चर्चा करते हुए आचार्य जी ने कहा कि महामृत्युंजय जाप और रुद्राभिषेक भगवान शिव को समर्पित शक्तिशाली अनुष्ठान है जो जीवन की चुनौतियों, बीमारियों और असमय मृत्यु से सुरक्षा प्रदान करते हैं। ये पूजा अच्छे स्वास्थ्य, समृद्धि, शांति और आध्यात्मिक उन्नति लाती हैं। महामृत्युंजय मंत्र के नियमित जाप से जीवन की कठिनाइयाँ दूर होती हैं, जबकि रुद्राभिषेक, जिसमें शिवलिंग पर विभिन्न पवित्र तरल पदार्थों से अभिषेक किया जाता है, सभी रोगों को दूर करता है और दीर्घायु प्रदान करता है।वे बताते हैं कि रुद्राभिषेक दो शब्दों से मिलकर बना है, रूद्र और अभिषेक, रूद्र का अर्थ है दुखों को हरने वाला, जो कि भगवान शिव के विशेष रूप को दर्शाता है और अभिषेक का अर्थ होता है विभिन्न सामाग्रियों से स्नान कराना। रुद्राभिषेक का अतीत पौराणिक काल से जुड़ा हुआ है। पौराणिक मान्यता के अनुसार जब भगवान राम माता सीता की खोज में लंका के लिए प्रस्थान कर रहे थे, तब उन्होंने रामेश्वरम में शिवलिंग की स्थापना की और भगवान शिव के आशीर्वाद के लिए रुद्राभिषेक किया, क्योंकि वह जानते थे कि रुद्राभिषेक के माध्यम से भगवान शिव जीवन के दुखों का निवारण और पापों का नाश करते हैं। भगवान शिव की उपासना से भगवान राम का कार्य सफल हुआ। आचार्य उदित नारायण मिश्र,पं. अनूपमौले, पं. सुरेंद्र गर्ग , पं. महामृत्युंजय मिश्र सभी आचार्य काशी विश्वनाथ से एवं पं.अमित तिवारी बिलासपुर से शामिल हैं।

**महामृत्युंजय जाप व हवन :** महामृत्युंजय मंत्र का जाप अकाल मृत्यु के भय को दूर करता है और लम्बी आयु प्रदान करता है।यह मंत्र शारीरिक और मानसिक कष्टों से छुटकारा दिलाता है और रोग बाधाओं से मुक्ति प्रदान करने वाला है।महामृत्युंजय मंत्र का जप धन धान्य की वृद्धि , यश सम्मान की प्राप्ति होती है। इस मंत्र के जाप से भय, चिंता, और नकारात्मक विचार दूर होते हैं जिससे मन शान्त और स्थिर होता है।महामृत्युंजय मंत्र आत्मा को शुद्ध करता है और आध्यात्मिक उन्नति की ओर ले जाता है।



### रुद्राभिषेक का महत्व

रुद्र अर्थात शिव जी ही सृष्टि को बनाने वाले हैं अंत काल में अपने में ही समाहित करने वाले ऐसे हमारे परमपिता परमेश्वर

शिव जी ही रुद्र हैं।अभिषेक अर्थात जल के द्वारा भगवान शिव जी शिव जी का जल से स्नान कराते हुए सनातन धर्म के महत्वपूर्ण ग्रंथ शुक्ल यजुर्वेदीय मध्यन्दिनीय शाखा में से रुद्राष्टाध्यायी के मंत्रों को पढ़ते हुए अभिषेक करना रुद्राभिषेक कहलाता है । शिव जी का रुद्राभिषेक कई तरल पदार्थों से किया जाता है जैसे, दूध , घी, शहद, शक्कर मिश्रित जल, गन्ने का रस, कुशोदक ( कुश जल ) आदि आदि।दूध का अभिषेक करने से बुद्धि की वृद्धि होती है, घर में सुख समृद्धि आती है । गन्ने के रस से अभिषेक करने पर लक्ष्मी की प्राप्ति होती है। इसी तरह अलग अलग तरल पदार्थों से शिव जी का अभिषेक करने पर अलग अलग फल प्राप्त होते हैं।



## पर्युषण पर्व के दूसरे दिन आगम ग्रंथ का दर्शन, पूजन किया गया



**बिलासपुर।** पर्युषण महापर्व में प्रतिदिन प्रवचन, भक्ति, पूजा, आरती हो रही है। जिसमें समाज के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ ले रहे हैं। दूसरे दिन सुबह तारबहार में स्थित चोपड़ा भवन में विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। समाज के श्रावक श्राविकाओ द्वारा पक्षाल पूजा, प्रार्थना, जाप, इकतीसा का पाठ की गई। कल्प सूत्र का वाचन समाज की शोभा मेहता, ज्योति चोपड़ा द्वारा प्रतिदिन किया जा रहा, रात्रि में धार्मिक संगीत संध्या हुई। जैन संघ टिकरापारा में समाज के सभी सदस्य आगम ग्रंथ का दर्शन किए एवं पूजन किया गया। आगम दर्शन पहले समाज के सभी पुरुषों फिर समाज की महिलाओं द्वारा आगम ग्रंथ कि प्रदक्षिणा की एवं पूजन किया गया। इसके बाद सभी ने सामूहिक वंदना की और अंत में मांगलिक किया गया। कार्यक्रम में समाज के अध्यक्ष भगवान दास भाई सुतारिया, दीपक गांधी, दीपक सुतारिया, गोपाल वेलाणी, मनीष शाह, राजू तेजाणी, हसमुख कोठारी, दिलीप तेजाणी, केतन सुतारिया सहित समाज के सभी सदस्य उपस्थित थे।

स्पोर्ट्स लाइव

## मैराथन प्रतियोगिता में देशभर के 2 हजार से अधिक एथलीट भाग लेंगे



**बिलासपुर।** 29 अगस्त दादा ध्यानचंद जी की जयंती राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय मैराथन का आयोजन किया जा रहा है, छत्तीसगढ़ स्टेयरस फाउंडेशन के तत्वाधान व समस्त खेल संघ द्वारा अखिल भारतीय मैराथन प्रतियोगिता का आयोजन सीएमडी चौक से प्रारंभ होगा। छत्तीसगढ़ स्टेयर्स के हेड मुकेश पुरी गोस्वामी ने बताया कि इस मैराथन प्रतियोगिता में देशभर के 2 हजार से अधिक एथलीट भाग लेंगे और एक लाख की इनामी राशि व 11 सांत्वना पुरस्कार नगद राशि रखी गई है। दौड़ेगा बिलासपुर जीतेगा बिलासपुर, फिट रहेगा बिलासपुर अभियान के तहत ये आयोजन रखा गया है। ड्रग्स अगेंस्ट अभियान के तहत खिलाड़ियों को खेल से जोड़ने व नशा से मुक्त रखने बिलासपुर पुलिस का अभियान के अंतर्गत ये आयोजन किया जा रहा है। आयोजन को सफल बनाने जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, खेल व युवा कल्याण विभाग से सहयोग लिया जा रहा है।

## फारेस्ट मीट में सलेक्ट हुए 152 खिलाड़ी

तीन दिवसीय आल इंडिया फारेस्ट मीट का समापन किया गया, जिसमें हिस्सा लेने वाले बिलासपुर वन वृत्त के 245 खिलाड़ियों में से 152 खिलाड़ियों का चयन उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर किया गया। यह चयनित खिलाड़ी आल इंडिया स्टेट लेवल मीट में बिलासपुर वन वृत्त का प्रतिनिधित्व करेंगे।

बिलासपुर वन मंडल और वन वृत्त के तत्वावधान में तीन दिवसीय आल इंडिया वन खेल प्रतियोगिता का आयोजन 18 से 20 अगस्त तक किया गया। इस प्रतियोगिता में स्व. बीआर यादव बहतराई इंडोर स्टेडियम में एथलेटिक्स में दौड़, रिले, तेज चाल, मैराथन, कबड्डी, तीरंदाजी, गोला फेंक, तवा फेंक, ऊंची कूद, लंबी कूद और भाला फेंक की प्रतियोगिता, रेलवे सेकेरसा ग्राउंड में क्रिकेट, पुलिस ग्राउंड में वालीबाल, रस्साकसी, संजय तरण पुष्कर में तैराकी, और बिलासपुर वन मंडल कार्यालय परिसर में शतरंज, कैरम, टेबल टेनिस,



बैडमिंटन, पावर लिफ्टिंग, वेट लिफ्टिंग, हॉकी, रायफल शूटिंग, लॉन टेनिस, साइक्लिंग, खो-खो के खेल हुए। इसमें पूरे वन वृत्त बिलासपुर, मुंगेली, रायगढ़, जांजगीर-चांपा, जीपीएम, लोरमी सहित अन्य स्थानों से करीब 245 से अधिक महिला-पुरुष खिलाड़ियों ने अलग-अलग खेलों में हिस्सा लिया। तीन दिन तक चलने वाली प्रतियोगिता के उपरांत बुधवार को अंतिम दिन उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन करने वाले 152 खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय फारेस्ट मीट के लिए किया गया है।

## खबर संक्षेप



### डाकघर लगरा मे किया गया पौधरोपण

**लोरमी।** शाखा डाकघर लगरा मे उपसंभागीय डाक निरीक्षक पंकज मिश्रा एवं शाखा डाकपाल बालेश साहू के नेतृत्व में पौधरोपणकिया गया। इस अवसर पर जेपी कान्छी, शाखा डाकपाल , शांताराम, दीपक चंद्राकर,नारायण, शिव प्रसाद, चंद्रकांत, बेदराम चंद्राकर, रामा, नागेंद्र चंद्राकर एवं अन्य ग्रामीण मौजूद रहे। सभी के सहयोग से 'एक पेड़-एक जीवन' के तहत पेड़-पौधों को बचाने का लिए संकल्प लिया गया।

### पारंपरिक कारीगरों को डिजिटल माध्यम से जोड़ने कार्यशाला

**मुंगेली।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई), महिला उद्यमियों, स्व–सहायता समूहों (एसएचजी) और पारंपरिक कारीगरों को डिजिटल माध्यम से बाजार से जोड़ने के उद्देश्य से होटल पुनीत, पड़ाव चौक में कार्यशाला" आयोजित की गई। यह अभियान उद्योग संचालनालय और सीएसआईडीसी रायपुर की पहल से "एमएसएमई को ई–मार्केटप्लेस एवं डिजिटल मार्केटिंग से जोड़ने के लिए भारत सरकार की आरएएमपी योजना के अंतर्गत आयोजित हुआ। कार्यशाला में जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र मुंगेली के महाप्रबंधक किशोर प्रभात सिंह राजपूत ने बताया कि स्थानीय उत्पादों को डिजिटल मंचों से जोड़कर राष्ट्रीय और वैश्विक पहचान दिलाई जा सकती है।

## निधन

### राहुल लिखमानिया



**बिलासपुर।** बालाजी राइस मिल तोरवा निवासी राहुल लिखमानिया का विशाखापटनम में निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 22 अगस्त को दोपहर 12.30 बजे उनके निवास से तोरवा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे नरेश लिखमानिया के पुत्र थे।

### गजानंद रात्रे



**बिलासपुर।** शिवनाथ मार्ग ओमनगर जरहाभाटा वार्ड क्रमांक 21 निवासी गजानंद रात्रे का 21 अगस्त को निधन हो गया। वे 90 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 22 अगस्त को कस्तूरबा नगर मुक्तिधाम में सुबह 11 बजे होगा। वे एसएल रात्रे, संतोष रात्रे, मंगल रात्रे एवं संतोषी छत्रवानी के पिता थे।

### नरेंद्र आग्रहरी (गुप्ता)



**बेलगहना।** बेलगहना निवासी नरेंद्र आग्रहरी (गुप्ता) का 62 वर्ष की आयु में हृदय घात से गुरुवार को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा शुक्रवार 22 अगस्त को सुबह 11 बजे उनके निज निवास से कृष्ण नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे नरेंद्र गुप्ता, अभषेक गुप्ता के पिता एवं अधिवक्ता रवि शकर गुप्ता एवं दयाशंकर गुप्ता के जीजा थे।

### आशा वर्मा



**बिलासपुर।** शंकर नगर मोहन बिल्डिंग निवासी एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आशा वर्मा पति स्व. मदन किशोर वर्मा का 67 वर्ष की आयु में 20 अगस्त को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार दोपहर 3 बजे तोरवा स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे रविकांत एवं नेहा वर्मा की मां थीं।

## मेड़पार बाजार शाला के मिडिल स्कूल की घटना

# दो स्कूलों को कर दिया मर्ज, छत में पानी भरने के कारण प्लास्टर गिरा, बड़ी दुर्घटना टली







स्कूल की छत से गिरा प्लास्टर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तखतपुर ब्लॉक के मेड़पार बाजार के मिडिल स्कूल में गुरूवार की सुबह बड़ी घटना टल गई। स्कूल के कई कमरे में छत के प्लास्टर गिरने लगे इससे अफरा-तफरी मच गई।

आनन-फानन में शिक्षकों ने बच्चों को कक्षाओं से निकाला और पंचायत भवन में शरण ली। बताया जा रहा है कि इस दौरान बड़ा हादसा हो सकता था, ऐसे में दिन भर पंचायत भवन में ही कक्षा 1 से 8 तक की कक्षाएं लगाई गईं। करीब 200 बच्चे अव्यवस्था के बीच पढ़ाई करते रहे।

शिक्षा की अलख जगाते हुए अधिकारियों ने मूलभूत सुविधाओं से ही किनारा कर दिया है, प्राइमरी और मीडिल स्कूल को एक साथ मर्ज कर पढ़ाया जा रहा है, लेकिन इस दौरान काफी अव्यवस्था का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि मेड़पारा बाजार के प्राइमरी स्कूल का भवन जर्जर होने के बाद स्कूल को मीडिल स्कूल में मर्ज किया गया है, ऐसे में कक्षा 1 से लेकर 8वीं तक करीब 200 बच्चे 3 कमरे के मीडिल स्कूल में ही शिक्षा प्राप्त करते है, स्कूल की छत काफी कमजोर हो चुकी है, बारिश के कारण छत पर पानी भर चुका है और सीपेज आ रही है, पिछले कुछ दिनों से लगातार छत का प्लास्टर गिर रहा है। गुरूवार को कक्षाओं से प्लास्टर गिरने लगा जिसके बाद आनन-फानन में बच्चों को सुरक्षित जगहों पर ले जाया गया। इसकी जानकारी ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती सत्यवती दिनेश घृतलहरे, सचिव संतोष कौशिक तथा उपसरपंच गुलशन जांगड़े को दी गई।उन्होंने निरीक्षण किया और बच्चों को पंचायत भवन में ही पढ़ाने के लिए कहा है। इस दौरान शिक्षा विभाग के आला अधिकारियों को इसकी जानकारी दी गई लेकिन शाम तक कोई भी अधिकारी मौके पर नहीं पहुंच सका ।

### यह है हालात

अधिकारियों ने बिना सोचे समझे 8 कक्षाओं को 4 कमरों के स्कूल में मर्ज किया गया है, जिसमें 3 में ही कक्षाएं लगाए जा सकती हैं। स्कूल में बाउंड्रीवाल नहीं है। बच्चों का खाना भी प्रधान पाठक के कार्यालय में बनता है। शौचालय की स्थिति काफी खराब है। अधिकारियों को कई बार पत्राचार करने के बाद भी शिक्षा विभाग के अधिकारी भवन मरम्मत के लिए फंड का जुगाड़ नहीं कर सके हैं।

### रिपोर्ट बनाकर देने कहा गया है

जनप्रतिनिधियों के द्वारा जानकारी दी गई है। मैं निरीक्षण पर था, इसलिए नहीं जा सका हूं। एक दो दिन में निरीक्षण कर जांच की जाएगी। तखतपुर ब्लॉक में कई स्कूल में इस तरह की समस्या आ रही है। संकुल समन्वयकों को रिपोर्ट बनाकर देने के लिए कहा गया है।

-कमलेश बैरागी,
बीईओ, तखतपुर

# छात्रों के विवाद में बाहरी युवकों ने की मारपीट, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर



बालक हाई स्कूल हिंदी मिडियम आत्मानंद तखतपुर में दो छात्रों के विवाद में बाहरी व्यक्तियों के द्वारा जाकर मारपीट कर दी गई, जिसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है।

इन दिनों स्वामी आत्मानंद स्कूल तखतपुर अखाड़ा बन गया है, जहां पर आए दिन छात्रों के बीच मारपीट हो रही है। कुछ दिनों पूर्व बालक हाईस्कूल के छात्रों ने छात्रसंघ के चुनाव के बाद नगर में जुलूस निकाला था, जिसमें छात्रों के बीच सिर फुटव्वल की स्थिति निर्मित हो गई थी। इसी क्रम में गुरुवार को फिर एक बार छात्रों के बीच लड़ाई हुई, जिसमें इन छात्रों के दोस्त और परिजन भी कूद पड़े तथा दूसरे छात्र के साथ मारपीट कर दी। आत्मानंद विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सामने होने के बाद भी, ऐले मामलों पर कोई नियंत्रण नहीं लग रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोढ़े निवासी रामचरण धुरी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई, कि उसका चचेरा भाई अनीष कक्षा 9वीं एवं बहन अनीशा कक्षा 12वीं में आत्मानंद स्कूल में अध्ययनरत हैं। 21 अगस्त को दोनों परीक्षा दिलाने गए थे, परीक्षा खत्म होने के बाद वह अनीशा को लेने गया था। जब वह स्कूल पहुंचा तो, अनीष ने बताया कि उसका विद्यालय के दूसरे छात्र विनय बंजारे के साथ उसका विवाद हो गया है। इस पर वह स्कूल के गेट के पास पहुंचकर अनीष से लड़ाई करने वाले के बारे में पूछा। इस पर वहां पर खड़े विनय बंजारे, किशन बंजारे, सत्यनारायण बंजारे, सिखिल बंजारे एवं वीर बंजारे ने उसके साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट कर दी। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 115,2 296,3,5 351, 2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया।

# स्कूल का ताला तोड़कर 2 टीवी की चोरी, 1 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पथरिया

थाने से 100 मीटर दूरी पर स्थित शासकीय स्कूल से दो नग टीवी की चोरी करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पथरिया थाना प्रभारी रघुवीर सिंह चंद्रा से मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 21 अगस्त गुरुवार को शासकीय प्राथमिक शाला पथरिया के प्रधान पाठक ने बुधवार की मध्य रात्रि स्कूल के चैनल का ताला तोड़कर 2 नग अकाई कम्पनी की एलईडी टीवी की चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई।

पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर चोरों की पतासाजी शुरू की। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि, पथरिया बस स्टैंड में एक व्यक्ति टीवी बेचने के लिए से ग्राहक की तलाश कर रहा है। सुचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर युवक को पकड़कर थाने लाई। गया। पूछताछ में युवक ने अपने एक और साथी के साथ मिलकर स्कूल में लगी 2 नग टीवी कीमती 30 हजार रूए को चोरी करने की बात स्वीकार कर ली। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की गई टीवी को जब्त कर लिया। पुलिस ने आरोपी प्रकाश यादव निवासी पथरिया को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया, वहीं उसका साथी आरोपी शिले धुरी निवासी पथरिया फरार हो गया। पुलिस लगातार फरारा आरोपी की तलाश कर रही है।



गिरफ्तार आरोपी।

### अवैध शराब सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**तखतपुर।** पुलिस ने दो अलग-अलग जगहों पर दबिश देकर अवैध रूप से बिक्री के लिए रखी कच्ची महुआ शराब को जब्त कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने सिलतरा स्कूल के पास छापेमार कार्रवाई करते हुए देकर आरोपी दऊवा यादव के कब्जे से अवैध रूप से बिक्री के लिए रखी 3 लीटर शराब जब्त कर लिया। वहीं दूसरे मामले में चुलघट से आरोपी रूपाई राम कैवर्त के पास से 2 लीटर शराब जब्त की गई। इस तरह दोनों के कब्जे से कुल 5 लीटर अवैध शराब जब्त कर आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34,1 क के तहत अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया गया।

## मवेशी को बचाने के चक्कर में एक पिकअप नाली में फंस गया

# खुली नाली में घुसा वाहन चालक ने कूदकर बचाई जान



**जरहागांव।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत जनहित में होने वाले कई आवश्यक कार्यों के पूर्ण ना होने की वजह से स्थानीय लोगों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जरहागांव बस स्टैंड के आगे सड़क पर नाली खुली हुई है, जिसमें फंसकर आए दिन वाहन चालक हादसे का शिकार हो रहे हैं। ऐसी ही एक गुरुवार शाम को हुई, जिसमें मवेशी को बचाने के चक्कर में एक पिकअप नाली में फंस गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कुछ मवेशी बीच सड़क से गुजर रहे थे। अचानक मवेशियों के सड़क पर दौड़ने से दूसरी ओर से आ रही पिकअप अनियंत्रित होकर कच्ची नाली में जा घुसी। चालक ने किसी तरह वाहन से कूदकर अपनी जान बचाई। घटना के समय बारिश हो रही थी, लेकिन वाहन को नाली से बाहर निकालने के लिए समान को खाली करना पड़ा। ज्ञात हो कि एनएच विभाग ने सड़क तो बना दी है, लेकिन विभाग की ओर से नाली निर्माण में कोताही बरती जा रही है। इससे आम जन परेशान हो रहे हैं। रुपाली वेद प्रकाश कश्यप, नगर पंचायत अध्यक्ष ने बताया कि एनएच सड़क के किनारे विभाग की ओर से नाली निर्माण किया जाना है। हाईकोर्ट के आदेश है कि, अधूरा काम पूर्ण किया जाए, लेकिन संबंधित ठेकेदार काम पूरा नहीं कर रहा है। इसके कारण लोग नाली की समस्या से जूझ रहे हैं।



# गौसेवा संकल्प अभियान के तहत जागरुकता कार्यक्रम

**लोरमी।** ग्राम रहंगी में गौ सेवा संकल्प अभियान का आयोजन किया गया, जिसमें अतिथि के रूप में डॉक्टर आरएम त्रिपाठी, डॉक्टर प्रमोद नामदेव, पुष्पकांत शर्मा शामिल हुए। इस अवसर पर ग्राम किरना पथरिया की घटना को बताते हुए ग्रामवासियों को समक्ष गौ की रक्षा और गौ माता को गोद लेने प्रेरित किया गया। साथ ही तथा गुड मॉर्निंग कहने के बजाए जय गौ माता बोलने की अपील की गई।

उन्होंने लोगों के बीच श्लोक एवं रामायण की चौपाई के माध्यम से गौमाता के प्रति जागरूक किया। डॉक्टर नामदेव ने गोमूत्र व दूध का फायदा बताया। साथ ही अन्य बातों को ध्यान में रखते हुए लोगों से गौमाता की सेवा करने करी अपील की। इस मौके पर पंचायत के सरपंच सुखमणि भगवान सिंह, सचिव कुशल यादव, संध्या भोलाराम, राजकुमारी राजपूत, आसाराम, विजय, नारायण यादव, जीत कोसले रवि, भागवत, रामावतार साहू गुलाब, अजीत तिवारी, रेखा यादव, द्रोपती साहू, कमला बाई उमेदा बाई सुनीता, सरस्वती श्रीवास, रामायण साकेत, हूबलाल साहू, रूपाली श्रीवास सहित ग्राम सेविका आस्था संतोष साहू, चित्र साहू, शिवानंद साहू, श्यामलाल साहू, पूर्व सरपंच मेलाराम, श्याम, मुकुंद साहू, कृष्ण कुमार साहू, नारायण यादव, समय लाल साहू, पुन्नीराम सहित ग्राम के लोग मौजूद रहे।

# अनियमितता पर 4 उचित मूल्य दुकानों के किया गया निलंबित

**लोरमी।** खाद्य विभाग की अनुशंसा पर क्षेत्र की सार्वजनिक वितरण प्रणाली की सामग्री संचालित चार शासकीय उचित मूल्य दुकानों में अनियमितता पाए जाने पर जिला प्रशासन ने निलंबन की कार्रवाई की।

शिकायतों की पुष्टि होने पर संबंधित संचालक समूहों को कारण बताओ नोटिस जारी की गई थी, किंतु निर्धारित समय-सीमा में जवाब प्रस्तुत प्रस्तुत न करने पर सभी समूहों के प्राधिकार पत्र तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिए गए हैं। जानकारी के अनुसार जिला प्रशासन ने ग्राम साल्हेघोरी (रै), सावंतपुर, झझपुरीकला एवं पीपरखूंटी के संचालक समूहों के तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। शासन के आदेशानुसार उक्त ग्रामों की दुकानों का संचालन अस्थाई रूप से अन्य समूहों को सौंपा गया है। खाद्यान्न वितरण के लिए साल्हेघोरी (रै.) की दुकान को बैजलपुर, सावंतपुर को बैगाकापा, झझपुरी कला की दुकान लोरमी शहरी एवं पीपरखूंटी की ग्राम पैजनिया में अस्थाई रूप से खाद्यान्न वितरण के लिये सबद्ध किया गया है। खाद्य अधिकारी मनोज साहू एवं राहुल श्रीवास ने बताया कि जिला खाद्य अधिकारी के निर्देशानुसार 2025 मार्च भौतिक सत्यापन में अनियमितता की पुष्टि होने पर अनुविभागीय अधिकारी (रा.) द्वारा चार शासकीय उचित मूल्य दुकान झझपुरीकला, साल्हेघोरी( रै), सावंतपुर एवं पीपरखूंटी को तत्काल तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।



# पंजीयन शुल्क के नाम पर श्रमिकों से अधिक राशि वसूल रहे चॉइस सेंटर

**बिलासपुर।** असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मण्डल में लोक सेवा केंद्रों व चॉइस सेंटरों के माध्यम से कराए जाने वाले पंजीयन के बदले श्रमिकों से शासन द्वारा निर्धारित से अधिक राशि वसूल करने की लगातार शिकायत मिल रही है। इस संबंध में श्रम विभाग द्वारा ऐसा करने वाले चॉइस सेंटरों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की चेतावनी जारी की गई है।

श्रमिकों द्वारा पंजीयन व योजना के ऑनलाईन आवेदन संबंधी कार्य लोक सेवा केंद्रों व चॉइस सेंटर के माध्यम से कराए जाते हैं, लेकिन लोक सेवा केन्द्र व चॉइस सेंटर के संचालको द्वारा निर्धारित शुल्क से अत्याधिक शुल्क श्रमिकों से लिया जा रहा है। पंजीयन योजनाओं के ऑनलाईन आवेदन हेतु शासन द्वारा लोक सेवा केन्द्र व चॉइस सेंटर हेतु निर्धारित शुल्क तय है। इसके अंतर्गत पूर्व में पंजीयन हेतु ऑनलाईन आवेदन शुल्क राशि 30 रूपए एवं कार्ड प्रिंट (अभिदाय शुल्क) हेतु राशि 10 रूपए निर्धारित था, परन्तु वर्तमान में उक्त अभिदाय शुल्क (कार्ड प्रिंट) 10 रूपए मण्डल द्वारा वहन किया जाने लगा है। ऐसी स्थिति में पंजीयन ऑनलाईन आवेदन (कार्ड प्रिंट सहित) हेतु 30 रूपए साथ ही योजना हेतु ऑनलाईन आवेदन हेतु 20 रूपए शुल्क लिया जाना निर्धारित किया गया है। ऐसी स्थिति में श्रमिकों को श्रमिक पंजीयन कार्ड ऑनलाईन कराने के लिए 30 रूपए एवं योजना ऑनलाईन कराने के लिए 20 रूपए से अधिक राशि नहीं देना है। ऐसा करने की स्थिति में संबंधित लोक सेवा केंद्र व चॉइस सेंटर संचालकों के विरूद्ध कार्रवाई करने की तैयारी है।

# नए एसडीएम से मिले प्रेस क्लब के पत्रकार

**लोरमी।** नवपदस्थ एसडीएम माया नन्द चंद्रा से प्रेस क्लब के अध्यक्ष सतीश मिश्रा के नेतृत्व में सौजन्य मुलाकात कर क्षेत्र प्रशानिक विभागों एवं विकास से सम्बंधित की गई। इस अवसर पर श्री चन्द्रा ने कहा कि, क्षेत्र में किसानों का कार्य प्राथमिकता के साथ किया जाएगा। इस अवसर पर सतीश मिश्रा, नूतन गुप्ता ,मनोज शर्मा, कृष सोनी, प्रीतम दिवाकर, नीरज अग्रवाल, बिहारी यादव, निशांत कश्यप, प्रमोद जायसवाल, देवेंद्र उबेजा सहित तहसीलदार शेखर पटेल, नायब तहसीलदार सीपी सोनी सहित अन्य मौजूद रहे।

# 114 सहकारी समितियों में लगी माइक्रो एटीएम, गांव में ही पैसे निकाल रहे किसान

**बिलासपुर।** पैसे निकालने के लिए किसानों को न तो अब बैंकों के चक्कर लगाने पड़ेंगे और न ही शहरी एरिया में आकर एटीएम का दरवाजा खटखटाना पड़ेगा। जिले की 114 सहकारी समितियों में लगाए गए माईक्रो एटीएम के जरिए किसान अब गांव में ही पैसे निकाल रहे हैं। जिले में करीब सवा लाख किसान सहकारी समितियों के सदस्य हैं, जिनके परिवार को यह सुविधा मिल रही है।

नगद पैसे की व्यवस्था के लिए किसानों को बैंकों के चक्कर लगाने से अब निजात मिल गई है। जिले की 114 सेवा सहकारी समितियों में स्थापित माईक्रो एटीएम से किसान अब घर बैठे अपने गांवों से ही अपने एटीएम कार्ड के जरिए पैसे निकाल रहे हैं। वैसे तो किसानों के लिए यह एक बड़ी सुविधा है, लेकिन इसमें अभी भी एक कमी नजर आ रही है। चूंकि सेवा सहकारी समितियां अभी पूरी तरह ऑनलाईन नहीं हो सकी हैं, जिससे माईक्रो एटीएम के जरिए केवल उन्हें किसानों को नगद भुगतान प्राप्त हो सकेगा, जिनके पास सहकारी बैंकों के एटीएम कार्ड हैं। अन्य बैंकों के एटीएम कार्डधारकों को माईक्रो एटीएम के जरिए सहकारी समितियों से नगद राशि प्राप्त करने में फिलहाल अभी समय लगेगा। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के ज्यादातर ग्राहकों के पास एटीएम उपलब्ध ही नहीं है। ऐसा भी कहा जा सकता है कि बैंक प्रबंधन द्वारा पहले जारी किए गए एटीएम के एक्सपायरी होने के बाद उन्हें रीन्यू ही नहीं किया गया है।


### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारे द्वारा भुनेश्वर राम कौशिक पिता श्री रामेश्वर कौशिक के नाम पर ग्राम मंगला प.ह.नं. 35, रा.नि.मं. एवं तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि का खसरा नंबर 1500/7 रकबा 1998 वर्गफुट लेआउट भूखण्ड क्रमांक ए-19 खरीदने का पक्का सौदा कर बयाना राशि दी जा चुकी है इस बाबत् यदि किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, शासकीय/अर्धशासकीय कार्यालय या अन्य किसी को यदि किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिनों के अंदर समस्त कागजात सहित मेरे यहां उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति प्रकट कर सकता है तथा उसके बाद की गई किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति अमान्य होगी सो सूचना जाने।

भवदीय- (1) आनंद अग्रवाल
मो. 7000451338
(2) राकेश कुमार मिश्रा
(अधिवक्ता)
निवासी सावित्री भवन,
जबड़ापारा, सरकंडा बिलासपुर
मो. 7987281707

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे आसामी दिनेश जायसवाल पिता स्व. कुंजराम जायस्वाल, निवासी अशोक नगर, सरकंडा, तह. व जिला-बिलासपुर (छ.ग.) से अधिकृत होकर यह आम सूचना प्रकाशित करता हूँ कि मेरे आसामी और हर्ष कुमार पाठक पिता श्री राजेन्द्र कुमार पाठक, निवासी- म.नं.- 23, फेस-1, सेक्टर बी सरस्वती शिशु मंदिर के पास राजकिशोर नगर, तह. व जिला बिलासपुर (छ.ग.) के समक्ष मौजा- खैरा, प.ह.नं.- 28, रा.नि.म. मोपका, तह. व जिला-बिलासपुर छ.ग. में स्थित भूमि ख.नं. 578/1 में से रकबा 1.65 एकड़ भूमि का इकरारनामा दिनांक 19.03.2025 को हुआ है, जिस पर इकरारनामा में मेरे आसामी ने आपको चेक क्रमांक 000028 दिनांक 20.10.2024 को एच.डी.एफ.सी. बैंक शाखा सरकंडा, जिला-बिलासपुर छ.ग. में राशि 30,00,000/- रू. (तीस लाख रूपये) बयाना बतौर अदा किया गया था और आपने मेरे आसामी को बचत शेष राशि उपरोक्त वर्णित भूमि में जयरामनगर सीपत जाने हेतु बायपास रोड प्रस्तावित रोड है तथा उक्त भूमि पर रोड निर्माण होने के पश्चात विक्रय पत्र निष्पादित करते समय शेष राशि अदा किया जावेगा का कथन किया गया है। विश्वस्त सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि आप मेरे आसामी को संपर्क किये किसी अन्य व्यक्ति संस्था आदि से विक्रय करने का प्रयास किया जा रहा है। ऐसी जानकारी प्राप्त हुई है जिससे मेरे आसामी को अपूर्णीय क्षति होगी जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे। अतः उपरोक्त वर्णित इकरारनामा भूमि को यदि कोई व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय इत्यादि से आपके द्वारा क्रय-विक्रय किया जाता है तो उसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे और मेरा आसामी आपके विरुद्ध न्यायालयीन/दण्डात्मक कार्यवाही किया जायें। सो सूचना जानें।
दिनांक 21.08.2025

भवदीय- रामकुशल साहू अधिवक्ता
पता/कार्यालय-महामाया नगर वार्ड नं. 64.
बिरकोना, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)
मो.न. 9098693879

### न्यायालय नायब तहसीलदार सकरी जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

// ईश्तहार //

रा.प्र.क्र......../अ-6-अ/2024-25
ग्राम-उस्लापुर तहसील-सकरी,
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका, मनीषा देवी, पति गुलाब सिंह, निवासी बंगलापारा, तखतपुर के द्वारा ग्राम उस्लापुर, प.ह.नं.60, तहसील सकरी, जिला-बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 207/29 रकबा 0.0162 हेक्टेयर परिवर्तित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 21.10.2021 को क्रय कर विधिवत नामांतरण कराया गया। वर्तमान ऑनलाईन में उक्त भूमि खसरा नंबर 0.0016 हेक्टेयर प्रदर्शित हो रहा है। जो कि त्रुटिपूर्ण है जिसे सुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र माननीय न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तखतपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण जाँच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 03/09/2025 तक प्रस्तुत कर सकते हैं।

आज दिनांक 18/8/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
सकरी

### न्यायालय तहसीलदार सीपत

मामले की श्रेणी : राजस्व

सदर्भ-जिला बिलासपुर तहसील सीपत प.ह.न.-00001 मचखंडा ग्राम के नामांतरण पजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-RD202425400212200004

ईश्तहार

तहसील सीपत के प.ह.न. 00001 के अंतर्गत ग्राम मचखंडा के वर्तमान भूमिस्वामी मस्जिद सर्वराकार सखावतअली वल्द बयातअली पिता/पति- पता-सादेह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 135 (0.3360) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता मस्जिद सर्वराकार हजरत जैनूद्दीन शाह पिता/पति-सुन्नी मस्जिद मचखंडा जिलाध्यक्ष बिलासपुर पता-मचखंडा के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 12/09/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार सीपत पर की जावेगी।

उपरोक्त के सवध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरात प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20/08/2025 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार सीपत
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार लालपुर थाना जिला-मुंगेली ( छ.ग.)

//सूचना//

कमांक//तह. /रीडर/2025
लालपुर थाना दिनांक 20.08.2025

प्रति,
01. उमेंद पिता पिल्लू निवासी ग्राम खैरा तह. जिला बिलासपुर (छ.ग.) 02. शत्रुहन पिता नोहरू 03. देवेन्द्र पिता नोहरू 04. कु. ईश्वरी पिता नोहरू 05. प्रमिला पिता नोहरू 06. देवा पिता नोहरू निवासी ग्राम पेण्ड्रीतालाब (बी) तहसील लालपुर थाना जिला-मुंगेली (छ.ग.)

प्रकरण कमांक 202507251900007/अ-6/2022-23 ग्राम पेण्ड्रीतालाब प.ह.नं. 05 तहसील लालपुर थाना जिला-मुंगेली (छ.ग.) पक्षकार गंगाराम वगै. विरूद्ध उमेंद वगै.

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक गंगाराम पिता महेत्तर वगै. जाति सतनामी निवासी ग्राम पेण्ड्रीतालाब तहसील लालपुर थाना जिला-मुंगेली (छ.ग.) द्वारा ग्राम पेण्ड्रीतालाब (बी) प.ह.नं. 05 तहसील लालपुर थाना स्थित खसरा नंबर 212 रकबा 0.040 हे. भूमि को माननीय न्यायालय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी लोरमी के व्यवहारवाद कमांक 30 ए/2019 संस्थित तिथि 23.09.2019 में पारित निर्णय दिनांक 08.05.2025 के परिपालन में अभिलेख दुरुस्ती हेतु आवेदन पेश किया गया है। जिसमें आगामी सुनवाई तारीख 29.08.2025 नियत है। अतः उक्त तिथि को आप इस न्यायालय में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

तहसीलदार लालपुर
थाना, जिला-मुंगेली (छ.ग.)

### न्यायालय :- कु. सार्विका चतुर्वेदी, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी बेमेतरा (छ.ग.)

संख्यांक
वाद के निपटारे के लिए समस
(आदेश 5 नियम 1 और 5 व्य.प्र.स.)
व्य.वा.क्र. 10 अ / 2020, प्रोसेस क्र. 210/2025

भजनलाल उर्फ पुरुषोत्तमलाल उम्र लगभग 65 वर्ष ग्राम टेमरी उपतह. नांदघाट तह. नवागढ़ जिला बेमेतरा (छ.ग.) व अन्य 02

// विरुद्ध //

परदेशी वल्द अवधराम उम्र लगभग 70 वर्ष वगै. निवासी ग्राम फुलवारी पोस्ट पदमपुर थाना जहरापारा तह. व जिला मुंगेली (छ.ग.)।

प्रति,
01. नेमिन बाई कुर्रे पति सेन दास कुर्रे ग्राम फुलवारी पो. पदमपुर थाना- जरहापारा तह व जिला मुंगेली (छ.ग.)।
02. सरोजनी बाई पिता-परदेशी ग्राम-फुलवारी पो. पदमपुर थाना-जरहापारा तह. व जिला मुंगेली (छ.ग.)।

भजनलाल ने आपके विरुद्ध **दावा वास्ते घोषणा, स्थायी निषेधाज्ञा बाबत** का मुकदमा दायर किया है। आपको इस न्यायालय में पेशी तारीख 07.10.2025 को दिन में 11:00 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गए हों और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेजें जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें जिस पर आपकी प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो या न हों, अपनी प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसी दस्तावेजों की लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो बाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा। यदि पेशी तारीख को किसी कारणवश अवकाश रहता है तो आगामी कार्य दिवस पर सुनवाई की जायेगी।

यह आज तारीख 14.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

मुहर

कु. सार्विका चतुर्वेदी,
द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी बेमेतरा, जिला बेमेतरा (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### एसआई शेंडे को मिला प्रमोशन, बने टीआई



**बिलासपुर।** गुरूवार को पुलिस मुख्यालय से जारी आदेश में प्रदेश के 26 एसआई को प्रमोशन देकर टीआई बनाया गया है। इसमें मोपका चौकी प्रभारी एसआई भावेश शेंडे को प्रमोशन देकर टीआई बनाया गया है। एसएसपी रजनेश सिंह ने स्टार लगाकर उन्हें बधाई दी। श्री शेंडे अगस्त 2023 में जिले में आए थे। इस दौरान उनकी पहली पोस्टिंग सिविल लाइन रही। उसके बाद मल्हार चौकी, बेलगहना चौकी प्रभारी रह चुके हैं।

### ऑल इंडिया सर्वे पोर्टल में मांगी गई जानकारी

**बिलासपुर।** अटल यूनिवर्सिटी ने संबद्ध सभी कालेजों को पत्र जारी कर ऑल इंडिया सर्वे ऑन हायर एजुकेशन पोर्टल में कालेज से संबंधित जानकारी अपलोड करने कहा है। यूनिवर्सिटी की ओर से कालेजों को जारी निर्देश में कहा गया है कि सत्र 2025-26 के लिए ऑल इंडिया सर्वे ऑन हायर एजुकेशन के पोर्टल पर कालेजों को अपनी जानकारी वेब डफ के माध्यम से अपलोड करने का काम शुरू हो गया है, इसलिए सभी कालेज अपनी जानकारी ऑल इंडिया सर्वे पोर्टल में अपलोड करें। उच्च शिक्षा पर अखिल भारतीय सर्वेक्षण शिक्षा मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया एक वार्षिक सर्वेक्षण है। यह सर्वेक्षण उच्च शिक्षा संस्थानों से डेटा एकत्र करता है, जैसे कि छात्र नामांकन, शिक्षक डेटा, बुनियादी ढांचा और वित्तीय जानकारी आदि शामिल है।

### जेसीबी से तोड़ी दीवार, दी जान से मारने की धमकी

**बिलासपुर।** जेसीबी से नटराज होटल की दीवार को तोड़ दी गई है, विरोध करने पर कर्मचारियों को चाकू से जान से मारने की धमकी दी गई है। पुलिस ने तोड़फोड़ करने वालों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। तारबाहर पुलिस के अनुसार, विद्यानगर सहगल गली निवासी दिव्यांक सिंह पिता दिग्विजय सिंह ने रिपोर्ट लिखाई। उनकी लिंक रोड में होटल नटराज है। उनका परिवार 1987 से व्यावसायरत है। उनके पिता व चाचा जबलपुर गए थे। इस बीच होटल की जमीन पर कब्जा करने के लिए सदरबाजार निवासी मुरारी लाल गुप्ता, कमल लच्छवानी उर्फ बिल्ला, वसीम खान, विनय वेद्याअन्य द्वारा विवाद किया जाता रहा है। 12 जनवरी 2019 को कोर्ट ने मुरारी लाल गुप्ता के वाद को निरस्त किया गया था। उसके द्वारा प्रस्तुत स्वामित्व व कब्जे को अस्वीकार किया गया था। आदेश के विरूद्ध मुरारीलाल कोर्ट में अपील की गई थी। कोर्ट ने अपील खारिज कर दी थी। 12 अगस्त 2025 की रात 1 से 2 बजे के बीच कमल लच्छवानी उर्फ बिल्ला 5 से 10 युवकों के साथ जेसीबी मशीन से होटल परिसर की 12 से 15 फीट दीवार को तोड़ दिया। आवाज सुनकर होटल के कर्मचारी विजय शंकर, बहादुर राठौर, चौकीदार सुनील कोशले बाहर आए और दीवार तोड़ने से मना किया। उन्हें धमकी दी गई कोई भी विरोध करने पर या पुलिस को सूचित करने पर जान से मार देने की धमकी दी गई। पुलिस ने दिव्यांक सिंह की रिपोर्ट पर कमल लच्छवानी उर्फ बिल्ला, वसीम खान, विनय वैद्य एवं अन्य के खिलाफ बीएनएस की धारा 324, 4, 351, 2, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

# सकरी थाना क्षेत्र से 12 बदमाश गिरफ्तार

■ देर रात एसएसपी ने ली क्लास

**बिलासपुर।** बीती रात एसएसपी ने राजपत्रित अधिकारी व थानेदारों की बैठक लेकर गुण्डे बदमाशों पर सख्ती से कार्रवाई करने का आदेश दिया। उसके बाद सकरी पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए जांच अभियान चलाकर सकरी क्षेत्र में कानून व्यवस्था बिगाड़ने व आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त 12 बदमाशों को गिरफ्तार कोर्ट में पेश किया है।

बुधवार को देर रात एसएसपी रजनेश सिंह ने राजपत्रित अधिकारी, थानेदारों की आवश्यक बैठक लेकर बढ़ती चाकूबाजी की वारदात पर नाराजगी जताई। उन्होंने आगामी गणेश उत्सव को देखते हुए चाकूबाजी की वारदात पर अंकुश लगाने गुण्डा बदमाशों पर सख्ती से कार्रवाई करने व नशे का कारोबार करने वाले, पुड़िया में गांजा, एक दो पाव अवैध शराब बेचने वालों पर सख्ती से कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इसके अलावा नियमित रूप से अपने अपने क्षेत्र पेट्रोलिंग कर बदमाशों पर नजर रखते हुए कार्रवाई करने का आदेश दिया। मीटिंग के बाद रात में सीएसपी निमितेश सिंह परिहार के नेतृत्व में सकरी टीआई प्रदीप आर्या व स्टाफ ने सकरी क्षेत्र में कानून व्यवस्था बिगाड़ने व आपराधिक गतिविधियों में शामिल होने वाले बदमाशों के घरों में दबिश दी। बदमाशों को पकड़ने के बाद जांच की गई। बहरहाल किसी के पास भी अवैध हथियार नहीं मिला है। पुलिस सकरी क्षेत्र के 12 बदमाशों को पकड़ा है। पुलिस सभी को विभिन्न धाराओं के तहत गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है।



गिरफ्तार आरोपी।

### पकड़े गए बदमाश

- आस्मीन खान पिता लतीख खान 52 साल चोरभट्ठी
- ढेलउराम सूर्यवंशी पिता ननकूराम सूर्यवंशी 58 साल सम्बलपुरी
- राजा बसोड़ पिता संतोष बसोड़ 20 साल शांतिनगर
- विनय टण्डन पिता जिलेश टण्डन 19 साल दलदलियापारा सकरी
- पिन्टू उर्फ अजीत वस्त्रकार पिता लक्ष्मण वस्त्रकार 26 साल पेंडारी
- ओमप्रकाश जांगड़े पिता रामायण जांगड़े 28 साल पेंडारी
- अशोक साहू पिता मनीराम साहू 26 साल कौंआताल सीपत
- हरदेश यादव पिता बलीराम यादव 22 साल काठाकोनी
- हरीश राव पिता सुजीतराव मराठा 27 साल सागर
- करण उर्फ सुखदेव भारते दलदलिहापारा सकरी
- ईश्वर यादव काठाकोनी
- एक नाबालिग

# अलग-अलग घटनाओं में शराब के लिए पैसा नहीं देने से दो युवकों पर चाकू से हमला

**बिलासपुर।** अलग अलग घटनाओं में शराब के लिए पैसा नहीं देने से दो युवकों पर चाकू से हमला कर दिया गया है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर खानापूर्ति कर दी है। पुलिस हमलावरों को नहीं पकड़ पाई है।



कोतवाली पुलिस के अनुसार, जगमल चौक मण्डवा बस्ती निवासी रमेश गोरख पिता स्व. रघुवीर गोरख 20 अगस्त को दोपहर 3 बजे काम से घर आए। इसी दौरान पड़ोसी कीर्तन यादव आया और उनसे शराब पीना है कहकर पैसा मांगा। उन्होंने पैसा देने से मना किया तो वह उनके व परिवार के सदस्यों के साथ गाली गलौज करने लगा। उसके बाद धमकी देते हुए चाकू से हमला कर दिया। जिससे उनके गले में चोट आई है। पुलिस ने रमेश की रिपोर्ट पर हमलावर के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 119, 1, 296, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। दूसरी घटना में सरकण्डा पुलिस के अनुसार, रतनपुर कर्रा निवासी राहुल श्रीवास पिता स्व. सुरेश श्रीवास तेलीपारा में प्राइवेट काम करते हैं। 19 अगस्त को वे बाइक से सरकण्डा होते हुए गांव जा रहे थे।

आरके पट्रोल पंप के पास एक व्यक्ति ने उनसे लिफ्ट मांगा। उन्होंने उसे बाइक में बैठाकर रात 9.30 बजे राधन गार्मेनट अशोकनगर के पास छोड़ा। उसी समय एक बाइक में 3 अज्ञात युवक आए और उनसे शराब पीने के लिए 500 रुपए मांगने लगे। उन्होंने पैसा देने से मना किया तो गाली गलौज कर मारपीट कर चाकू से उनके सिर, पीठ, भुजा में हमला कर दिया। पुलिस ने राहुल की रिपोर्ट पर अज्ञात हमलावरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 119, 1, 296, , 3, 5, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस ने आरोपी नूतन चौक निवासी सुजीत सिंह पिता गुलाब सिंह ठाकुर व दो नाबालिग को गिरफ्तार कर लिया है।

## बिलासा ताल : अंदर घुस रहे मवेशी, संभालने में नाकाम हो रहा वन विभाग

# बाहर नई बाउंड्रीवाल और अंदर का हाल बेहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोनी स्थित बिलासा ताल में बाहरी तत्वों का प्रवेश रोकने के लिए नई बाउंड्रीवाल तो बना दी गई है, जिसके बावजूद मवेशी दूसरे स्थान से अंदर प्रवेश कर रहे हैं। बाहर यानि सड़क के किनारे लाखों रुपए खर्च कर बाउंड्रीवाल का निर्माण कार्य कर दिया गया है, लेकिन अंदर का हाल पूरी तरह से बेहाल हो गया है। इसे संभालने में वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी पूरी तरह से नाकाम हो गए हैं।

जिला प्रशासन ने कोनी की जमीन में अवैध बेजा कब्जे को रोकने के लिए बिलासा ताल का निर्माण करने के बाद जिम्मेदारी वन विभाग को दी थी। वन विभाग बिलासपुर ने बिलासा ताल के बीच में सरोवर बनाने के साथ एक कॉफी हाउस का निर्माण कराने के साथ अन्य कार्य कराए गए। कुछ माह पहले बिलासा ताल को नए स्तर से सुधारने के लिए शासन की ओर से डेढ़ करोड़ रुपए सें अधिक राशि स्वीकृत की गई थी। इसमें केवल बिलासा ताल को चारों ओर से घेराबंदी करने के लिए पुराने फेंसिंग तार और पोल को हटाकर नई दीवार बनाकर बाउंड्रीवाल का काम किया गया और अंदर का काम छोड़ दिया गया। वर्तमान में इसकी हालत ऐसी है कि बाहर बाउंड्रीवाल केवल सड़क की ओर दिखाई देते हैं और अंदर का हाल पूरी तरह से जर्जर हो चुका है।



बाहर बनी नई बाउंड्रीवाल।



अंदर बनी बाउंड्रीवाल हुई धराशायी।

### टूटे शेड और बच्चों के झूले

सैलानियों के बैठने के स्थानों को भी अलग-अलग रंगों से सजाकर आकर्षक बनाया गया था। सैलानी इन रंग बिरंगे स्थानों पर बैठकर प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लेने के अलावा नई डिजाइन के बीच सेल्फी भी ले सकते थे। इसके साथ ही पेड़ों को रंग रौगन कर उद्यान की सुंदरता को बढ़ाने का काम किया गया था। जिस स्थान पर यह कार्य किया गया, वहां ऊपर की शेड भी कई स्थान से टूटकर नीचे आ गए हैं। इसी तरह गार्डन और बच्चों के झूलों का भी हाल बेहाल हो गया है, जिसमें ज्यादातर झूले टूटकर अलग-अलग हो चुके हैं।



**पीछे की बाउंड्रीवाल टूटी:** बिलासा ताल में सबसे अधिक परेशानियां असामाजिक तत्वों और मवेशियों से हो रही थी, जो बाउंड्रीवाल नहीं होने के कारण कहीं भी अंदर प्रवेश कर रहे थे। विभाग ने बिलास ताल के चारों ओर सीमेंट की दीवार उठाकर बाउंड्रीवाल बनाने का काम तो किया है, लेकिन यह कार्य केवल मुख्य सड़क की ओर ही दिखाई देता है। बिलासा ताल के पीछे की ओर किसी अज्ञात ने अवैध निर्माण के लिए सड़क का निर्माण कर दिया था, जिसे सूचना मिलने के बाद विभाग ने तोड़ना शुरु कर दिया। इस कार्य में पीछे की नई बनी बाउंड्रीवाल भी टूटकर गिर गई है, जहां से मवेशियों का प्रवेश अभी भी बिलासा ताल के अंदर हो रहा है।

### बनाई गई थी कलाकृतियां

बिलासपुर वन मंडल के पूर्व डीएफओ सत्यदेव शर्मा के कार्यकाल में पुराने और अनुपयोगी टायर से अद्भुत कलाकृतियां बनाई गई थी। इसमें मुख्य रूप से कछुआ, सांप, कुआं जैसे आकर्षक व अनोखी चीजें शामिल हैं, जो देखने में रोचक होने के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी देती थी। इस कार्य के लिए अनुपयोगी टायरों को उपयोग में लाकर न केवल कचरे का निस्तारण किया, बल्कि संजीव व रंगीन रूप में ढाला गया। यह कार्य को केवल बच्चों के आकर्षण के लिए किया गया, लेकिन यह सारी कलाकृतियां भी बारिश में पूरी तरह से धुल गई हैं।

### सरोवर है लेकिन पुल नहीं

वन विभाग की जिम्मेदारी में चल रहे बिलासा ताल में सबसे अधिक आकर्षण का केन्द्र सरोवर और उसके ऊपर बनाया गया पूल था। इस पूल को लकड़ी के जरिए सरोवर के बीच में खड़े किया गया था। इसके साथ ही सरोवर में भ्रमण के लिए नाव की भी व्यवस्था की गई थी। आठ साल पहले बारिश के कारण पूल जर्जर होकर पूरी तरह से टूट गया, जिसे नए स्तर से बनाने के लिए लाखों रुपए की राशि भी सेंक्शन की गई थी। यह कार्य करने से पहले ही तत्कालीन रेंजर रिटायर हो गए और राशि कहां गई इसका भी कोई अता पता नहीं चल सका। वर्तमान स्थिति में सरोवर और उसमें गंदा पानी है, लेकिन ऊपर का पूल अब तक बन नहीं पाया है।

### सरेंडर हो गई राशि

बिलासा ताल को संवारने के लिए काफी प्रयास किया गया, जिसके बाद डेढ़ करोड़ रुपए से अधिक की राशि बजट में स्वीकृत भी की गई थी। इसमें करीब 20 लाख रुपए के आसपास चारों ओर से बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य किया गया। इसके बाद किसी ने भी काम को आगे करने के लिए कोई रूचि नहीं दिखाई तो बाकी राशि सरेंडर हो गई। इसकी वजह से अंदर का कोई भी काम नहीं हो सका।

-प्रभात मिश्रा, सीसीएफ, वन वृत्त बिलासपुर

## आते ही खत्म हो रही चेकबुक

# जिला सहकारी बैंक में चेकबुक के लिए मारामारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

■ पिछले तीन महीने से चल रही भारी कमी

एक लाख 85 हजार ग्राहक संख्या वाले जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में चेकबुक जैसी बेसिक सुविधाओं के लिए भी ग्राहकों को मोहताज होना पड़ रहा है। बीते तीन महीने से चेकबुक के लिए बैंकों में पतासाजी के लिए आने वाले ग्राहक सिर्फ आश्वासन लेकर वापस लौट रहे हैं।

किसानों द्वारा लेनदेन के लिए सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाले जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में चेकबुक जैसी बेसिक सुविधा के लिए भी ग्राहकों को पेशी दी जा रही है। आश्चर्यजनक बात यह है कि सहकारी बैंक की किसी अन्य शाखा में अगर ऐसी स्थिति होती तो यह सामान्य बात हो सकती थी, लेकिन यह हालत नेहरू चौक स्थित जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की संभाग स्तरीय मुख्य शाखा की है। ज्ञात हो कि संभाग में बैंक के करीब 4 लाख 45 हजार ग्राहक हैं, जिसमें 1 लाख 85 हजार ग्राहक सिर्फ बिलासपुर जिले के शामिल हैं। ग्राहकों द्वारा चेकबुक की मांग करने पर हर बार उपलब्ध नहीं होने की बात कहकर पल्ला झाड़ लेना बैंक प्रबंधन के औचित्य पर सवालिया निशान लगा रहा है।

### क्या कहता है बैंक प्रबंधन

बैंक द्वारा चेक बुक छपवाने का कार्य हैदराबाद स्थित श्रीनिधि सिक्योर प्रिंटिंग नामक संस्थान से कराया जा रहा है। चूंकि संस्थान द्वारा चेकबुक छापने का कार्य सीमित संख्या में नहीं किया जाता, बल्कि बड़ी मात्रा में छपाई का आर्डर स्वीकार किया जाता है। ऐसी स्थिति में बैंक की सभी शाखाओं से उनकी जरूरतों के हिसाब से प्राप्त आर्डर के आधार पर अब हैदराबाद स्थित संस्थान को छपाई का बल्क आर्डर दिया गया है। बैंक प्रशासन द्वारा इस माह के अंत तक चेकबुक प्राप्त हो जाने की बात कही जा रही है।

### छपने का दिया गया है आर्डर

बैंक में चेकबुक उपलब्ध ही नहीं है ऐसा नहीं है। उपलब्धता के हिसाब से ग्राहकों को समय-समय पर जारी भी किया जा रहा है। कभी-कभी ऐसी परिस्थिति बन जाती है कि ग्राहकों को चेकबुक नहीं मिल पाती। छपाई का बल्क में आर्डर किया गया है, जिससे ग्राहकों को आसानी से चेकबुक उपलब्ध हो जाएगा।

-आशीष दुबे, नोडल अधिकारी, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित

# हावड़ा, टाटा तक वंदेभारत चलाने का भेजा प्रपोजल

**बिलासपुर।** बिलासपुर से हावड़ा और टाटा नगर तक एक वंदेभारत एक्सप्रेस चलाए जाने का प्रपोजल रेलवे बोर्ड को भेजा गया है।

रेलवे कभी भी अधोसंरचना के नाम पर यात्री ट्रेनों को रद्द कर देता है। इसके कारण यात्री परेशान हो जाते हैं। पिछले 6 साल में ही रेल प्रशासन ने बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच चौथी लाइन, पेण्ड्रारोड से कटनी मुड़वारा के बीच तीसरी लाइन, बिलासपुर से नागपुर के बीच तीसरी और चौथी लाइन सहित अन्य कार्यो को करने के लिए 7 हजार से अधिक यात्री ट्रेनों के पहियों को रोककर लाखों यात्रियों का सफर केंसिल करा दिया है। रद्द ट्रेनों के साथ बिलासपुर आने वाली कोई भी ट्रेनें समय पर नहीं पहुंच पा रही है। खासकर हावड़ा से मुम्बई के बीच चलने वाली ट्रेनों की लेट लतीफी ऐसी हो गई है कि सुबह की ट्रेनें शाम को और शाम की ट्रेनें देर रात पहुंचने के कारण यात्रियों की कनेक्टिंग ट्रेनें संबंधित स्टेशन से पहले ही छूट जा रही है। इन सभी ट्रेनों में केवल एक ट्रेन वंदेभारत है, जो बिलासपुर से नागपुर के बीच चलने के साथ ही समय पर दोनों स्टेशन के बीच चल रही है। यात्रियों के साथ दूसरी ट्रेन में सफर करने वाले रेल के अधिकारी और स्टाफ भी लेट लतीफी से कम परेशान नहीं हैं, जो अब बिलासपुर-नागपुर वंदेभारत एक्सप्रेस की तरह बिलासपुर से हावड़ा और बिलासपुर से टाटा के बीच एक नई वंदेभारत चलाने की मांग रेलवे बोर्ड से कर रहे हैं।

### भेजा गया है प्रपोजल

रेलवे बोर्ड ने वंदेभारत चलाने के लिए प्रस्ताव मांगा था, जिसपर बिलासपुर से हावड़ा के बीच और बिलासपुर से टाटानगर के बीच एक वंदेभारत का प्रपोजल भेजा गया है। इसके चलने से सभी को काफी राहत मिलेगी।

-अनुराग कुमार सिंह
सीनियर डीसीएम,
रेल मंडल बिलासपुर

# ढाबा संचालक के साथ मारपीट कर तोड़फोड़ करने वाले 5 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शराब नहीं पीने देने से ढाबा संचालक के साथ जमकर मारपीट कर तोड़फोड़ करने वाले नाबालिग सहित 5 युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

बोदरी समृद्धि कालोनी निवासी कुशल माखीजा पिता स्व. सतीश कुमार माखीजा ढाबा चलाते हैं। 17 अगस्त की रात 11 बजे अंकित तिवारी अपने साथियों के साथ उनके ढाबा में खाना खाने गया। शराब नहीं पीने देने पर युवकों ने संचालक से मारपीट कर तोड़फोड़ की। सोशल मीडिया में सीसीटीवी फुटेज जोरों से वायरल हो रहा था। पुलिस ने ढाबा संचालक श्री माखिजा की रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, , 3, 5, 324, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया था। गुरूवार को पुलिस ने हमलावर अंकित तिवारी पिता अश्वनी तिवारी 34 साल मंगला, छोटू उर्फ हितेश कश्यप पिता दउवा प्रसाद कश्यप तिफरा, निखिल चंद्राकर पिता स्व. विश्राम चंद्राकर 25 साल बछेरापारा तिफरा, अनिल सोनी उर्फ डोम पिता शंकर लाल सोनी 30 साल विष्णु चौक तिफरा व एक नाबालिग को गिरफ्तार कर लिया है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### युवक ने पांच गायों पर कुल्हाड़ी से किया हमला

**बिलासपुर।** सनकी युवक ने कुल्हाड़ी से पांच गायों पर हमलाकर जख्मी कर दिया है। पुलिस ने हमलावर युवक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिरगिट्टी टीआई किशोर केंवट ने बताया, 20 अगस्त को शाम 6 बजे तिफरा कोरियापारा निवासी कृषक रवि कोरी पिता स्व. राम सिंह कोरी की गाय चारा चरते हुए सुनील कोरी के खेत के पास चली गई थी। इसी दौरान सुनील कोरी उनकी गाय व अन्य चार गायों पर कुल्हाड़ी से हमला कर जख्मी कर दिया। मवेशियों पर कुल्हाड़ी से हमला करने पर क्षेत्र में हड़कंप मच गया और लोगों की भीड़ लग गई। रवि कोरी ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने हमलावर सुनील कोरी के खिलाफ पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11, 1 घ व बीएनएस की धारा 325 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

# प्रतिबंधित इंजेक्शन बेचने वाले युवक को दस साल की कैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

■ 1 लाख रुपए जुर्माना

कोर्ट ने प्रतिबंधित इंजेक्शन बेचने वाले युवक को 10 साल कैद व 1 लाख रुपए जुर्माना पटाने की सजा सुनाई है।



28 फरवरी 2024 को पेंड्रा सूचना मिली भर्रापारा तलवाटोला निवासी नौशाद अंसारी पिता पिता अलीम अंसारी प्रतिबंधित इंजेक्शन रखकर बिक्री कर रहा है। पुलिस ने शासकीय माध्यमिक शाला सरकारीपारा के पास घेराबंदी कर नौशाद को पकड़कर प्रतिबंधित इंजेक्शन व 980 रुपए बिक्री रकम जब्त किया था। पुलिस ने इंजेक्शन जब्त कर आरोपी का गिरफ्तार कर चालान कोर्ट में पेश किया। 20 अगस्त को विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस कु. पुष्पलता मारकण्डे ने दोनों पक्षों की गवाही के बाद आरोपी नौशाद अंसारी को 10 साल कैद व 1 लाख रुपए जुर्माना पटाने की सजा सुनाई है। जुर्माना की राशि नहीं पटाने पर 4 माह अतिरिक्त सजा काटना होगा। शासन की ओर शासकीय अधिवक्ता संजय नामदेव ने पैरवी की है।

# गोंड़पारा की दो दुकानों में चोरों का धावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

■ नकद रकम व चार्जर पार

पिछले दो दिन में चोरों ने गोंड़पारा की दो दुकानों में धावा बोलकर नकद रकम व चार्जर चोरी कर लिया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालने में लगी हुई है।

कोतवाली पुलिस के अनुसार जबड़ापारा निवासी विजय पोपटानी पिता कैलास गोंडपारा आर्य सामाज भवन के पास मोबाइल दुकान चलाते हैं। 19 अगस्त की रात 8.45 बजे दुकान बंद घर चले गए थे। दूसरे दिन सुबह दुकान खोले तो



सामान अस्त व्यस्त पड़ा था और गल्ले में रखा 9 हजार रुपए व 8 नग चार्जर चोरी हो गया था। उसके बाद 20 अगस्त की रात उनके बगल के चाट भण्डार दुकान में धावा बोलकर चोरों ने गल्ले से 5 हजार रुपए चोरी कर लिया है। सूचना पर पुलिस दोनों दुकानों का मुआयना करने के बाद सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरुपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि:- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411


स्वामी जी
93406-38884
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर (सीता मैय्या जन्म स्थल), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि टेंपल) लुम्बिनी, काठमांडू, बुढ़ा नीलकंठ, भक्तपुर, पशुपतिनाथ, पोखरा, गुप्तेश्वर, डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक, मनोकामना देवी,
यात्रा दिनांक
11 सितंबर 2025
03 अक्टूबर 2025
09 नवंबर 2025
18 दिसंबर 2025
24 दिसंबर 2025
10 दिन की यात्रा
राशि: स्लीपर-18,501/-, 3AC-28,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)


सुमीत बाजार™
खूबसूरती तीज की,
साड़ी सुमीत की
79
UTSAV
OFFER
15th August to 31st August
₹3499 की
खरीदी पर
LAWMAN Pg3 TRAVEL GEAR
₹1799 की
किंग साईज
डबल बेडशीट सेट
₹79 में
₹4499 की
खरीदी पर
NAUTICA
₹3999 वाली
प्रीमियम ब्रांडेड
डफल बैग
₹79 में
₹6999 की
खरीदी पर
integriti HOME
टॉवेल गिफ्ट सेट
2 बॉथ टॉवेल
+
2 नेपकीन
₹79 में
₹11999 की
खरीदी पर
₹4999 & above वाली
प्रीमियम ब्रांडेड
4 व्हील ट्रैवल ट्रॉली
सूटकेस
₹79 में
*नियम व शर्तें लागू
राव ट्रेड सेंटर, सत्यम टॉकिज के पास, लिंक रोड, बिलासपुर

## खबर संक्षेप

### झझपुरीखुर्द शाला के बच्चों ने उत्साह के साथ मनाया पोला




**जरहागांव।** शास पूमा शाला झझपुरीखुर्द शाला के विद्यर्थियों सांस्कृतिक पर्व पोला उत्साह के साथ मनाया। इस मौके पर विद्यार्थियों ने नंदी बैल सजाओ, जतवा बनाओ एवं शासन के निर्देशानुसार नंदी बैल दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें सभी ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में कुल 30 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया, जिसमें प्रथम निखिल, द्वितीय ममता, तृतीय भारती व चतुर्थ स्थान अरविंद ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले को पुरस्कार वितरण किया गया, साथ ही अन्य प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। आयोजन में शाला के प्रधान पाठक मनोज कुमार जायसवाल का मार्गदर्शन एवं रामावतार बर्मन, धरमपाल सिंह उइके व नरेन्द्र कुमार कोशले का विशेष सहयोग रहा।

### अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया के संबंध में दिया गया मार्गदर्शन



**मुंगेली।** शासकीय जिला ग्रंथालय में आज भारतीय वायु सेना द्वारा जन–जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत उपस्थितजनों को भारतीय वायु सेना के विभिन्न कायोंर् एवं उसमें उपलब्ध कैरियर अवसरों की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया के विषय में विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम में भारतीय वायु सेना से सार्जेंट यू. संतोष एवं राजू राजपुत उपस्थित रहे। शिक्षा विभाग से ए.डी.पी.ओ. अजय नाथ, डी.एम.सी. ओ.पी. कौशिक तथा जिला ग्रंथालय से देवशंकर श्रीवास्तव, पुरुषोत्तम घृ तलहरे, कमलेश साहू एवं धनजय कुमार बांधी ने सहभागिता की। ग्रंथालय के पाठकगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे तथा सभी ने कार्यक्रम का लाभ उठाया। उपस्थित अधिकारियों ने युवाओं को देशसेवा हेतु प्रेरित करते हुए वायु सेना में कैरियर बनाने की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान किया।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र–छात्राओं का सम्मान



**मुंगेली।** ग्राम पंचायत नवागांव में शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय के बच्चों के बीच प्रतिभा सम्मान समारोह और शिक्षा स्तर सुधार के उद्देश्य से विशेष बैठक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधि, शिक्षक और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। बच्चों का सम्मान समारोह के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया गया। कक्षा 10वीं की छात्र नेहा साहू ने 90 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय और ग्राम का नाम रोशन किया। वहीं कक्षा 8वीं के छात्र अमिसा साहू करण ने 87 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों में महत्वपूर्ण योगदान दिया। शिक्षकों ने स्पष्ट किया कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में 70 प्रतिशत जिम्मेदारी शिक्षकों की है, वहीं 30 प्रतिशत जिम्मेदारी पालकों की है। यदि अभिभावक बच्चों की नियमित उपस्थिति और घर पर अध्ययन पर ध्यान देंगे, तभी बच्चों का समग्र विकास संभव हो सकेगा। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरपंच नारायण साहू, उपसरपंच भीखम अन्नत, चंद्रिका, सखाराम, मुकेश, अशोक, मनोज, नरेन्द्र, देवकुमार साहू, दीपराम पंच सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

### पंचायत अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ राज्य पंचायत अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के संयुक्त प्रतिनिधि मंडल ने फेडरेशन की विभिन्न मांगों के संबंध में ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने पंचायत संचनालय में संचालक प्रियंका ऋषि महोबिया, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सचिव भीम सिंह, विभाग की प्रमुख सचिव डाक्टर निहारिका बारिक सिंह को मंत्रालय रायपुर में तथा छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा को कबीरधाम जिला मुख्यालय में उनके कार्यालय में मिलकर, विभिन्न लंबित मांगों के संबंध में ज्ञापन सौंप कर अवगत कराया गया। प्रतिनिधि मंडल में प्रमुख रूप से फेडरेशन के प्रांतीय अध्यक्ष तुलसीराम साहू, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कमलेश मिश्रा, बस्तर संभाग से रोजगार सहायक संघ के अध्यक्ष, पंचायत सचिव संघ के कई जिला अध्यक्ष, जनपद पंचायत कर्मचारी संघ से सदस्य सम्मिलित रहे।

---

### नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई, पोषण पुनर्वासि केंद्र एनआरसी पूर्ण रूप से बंद

# एनएचएम की हड़ताल के कारण आयुष्मान आरोग्य मंदिर बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

■ उपचार के लिए भटक रहे मरीज व परिजन


गुरुवार को हड़ताल पर बैठे चिकित्साकमी।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएम के कर्मचारियों के हड़ताल में जाने से जिला अस्पताल मुंगेली में एसएनसीयू (नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई), पोषण पुनर्वास केंद्र एनआरसी, पीडिया वार्ड पूर्ण रूप से बंद है। जिससे मरीज यहां वहां भटक रहे है, जिला मुंगेली के कई आयुष्मान आरोग्य मंदिर जहां केवल एनएचएम कर्मचारी कार्यरत है पूर्ण रूप से बंद है।

छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ के आव्हान पर में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएम के कर्मचारियों ने 18 अगस्त सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। संविदा कर्मचारी अपनी मांगो को लेकर आज चौथे दिन भी आगर क्लब मैदान मे धरना मे डटे रहे। एनएचएम कर्मचारी संघ के संरक्षक अमित दुबे एवं जिलाध्यक्ष पवन निर्मलकर ने मांगों का ब्योरा दिया। इसमें 10 सूत्रीय मांगो मे संविलियन एवं स्थायीकरण, पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना, ग्रेड पे निर्धारण, लंबित 27: वेतन वृद्धि, कार्य मूल्यांकन सीआर में पारदर्शिता, नियमित भर्ती में सीटों का आरक्षण, अनुकम्पा नियुक्ति, मेडिकल व अवकाश सुविधा, स्थानांतरण नीति एवं 10 लाख तक कैशलेस स्वास्थ्य बीमा भी मांगों में शामिल है। कर्मचारियों ने बताया कि जिले में कुल 350 एनएचएम कर्मचारी काम कर रहे हैं। इनमें चिकित्सक, नर्स, थेरेपिस्ट, लैब टेक्निशियन, कार्यालयीन स्टाफ और डाटा एंट्री अपरेटर शामिल हैं। शासन की बेरुखी से आक्रोशित कर्मचारियों ने इस बार आपातकालीन सेवाओं के साथ–साथ जिला अस्पताल मुंगेली में एसएनसीयू (नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई) पोषण पुनरवास केंद्र एनआरसी, पीडिया वार्ड पूर्ण रूप से बंद है। जिससे हितग्राही यहां वहां भटक रहें है, जिला मुंगेली के कई आयुष्मान आरोग्य मंदिर पूर्ण रूप से बंद है। एनएचएम कर्मचारियों ने कहा कि वे पिछले 20 वषोंर् से लगातार स्वास्थ्य सेवा दे रहें है, स्वास्थ्य विभाग के स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ है, ग्रामीण और वनांचल क्षेत्रें में मातृ–शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, प्रसव, ओपीडी, आईपीडी, मौसमी बीमारी आपातकालीन सेवाओं में उनका योगदान महत्वपूर्ण रहता है लेकिन इसके बावजूद राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्यरत कर्मचारियों को आज तक मूलभूत सुविधाएं, संविलियन और समानजनक वेतन नहीं मिल पाया है।

### मेहंदी लगाकर किया प्रदर्शन



**पेंड्रा।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के 16 हजार से अधिक अधिकारी एवं कर्मचारी नियमितीकरण, ग्रेड पे, लंबित 27% वेतन वृद्धि समेत 10 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर डटे हुए हैं। इसी क्रम में कर्मचारियों ने गुरुवार को धरना स्थल पर मेहंदी लगाकर एवं तिरंगा यात्रा निकालकर सरकार को अपने लंबे समय से लंबित वादों की याद दिलाई। प्रदेश भर में बीते दो दशकों से संविदा पर कार्यरत इन कर्मचारियों ने कोरोना काल के दौरान फ्रंटलाइन वॉरियर्स की भूमिका निभाई थी। बावजूद इसके, इन्हें आज भी नियमितिकरण, उचित वेतनमान और अन्य बुनियादी सुविधाओं से वंचित रहना पड़ रहा है। 20 वर्षों की सेवा के बाद भी ये अधिकारों से वंचित है। हड़ताल के कारण राज्य भर की स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं। जिलाध्यक्ष शत्रुहन साहू ने बताया कि पिछले आंदोलन में सरकार द्वारा मंच साझा कर समर्थन जताया गया था, लेकिन 20 माह बीतने के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।


बैठक में मौजूद अधिकारी।

## आदि कर्मयोगी अभियान के तहत उन्मुखीकरण कार्यक्रम

**मुंगेली।** आदिवासी विभाग द्वारा संचालित ''आदि कर्मयोगी अभियान'' के अंतर्गत कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आदि कर्मयोगी अभियान का उद्देश्य अनुसूचित जनजातियों के विकास एवं कल्याण से जुड़े हुए प्रमुख योजनाओं की संतृप्ति सुनिश्चित करना है, जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ''सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास'' तथा सेवा, समर्पण और संकल्प से प्रेरित है।

कार्यक्रम में कलेक्टर कुन्दन कुमार ने कहा कि केन्द्र शासन द्वारा जनजातीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से यह नई पहल की शुरुआत की गई है। यह अभियान आदिवासी समाज को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने और शासन की योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाने का एक व्यापक प्रयास है। इस अभियान के अंतर्गत जिले के तीनों विकासखण्डों के 35 आदिवासी बाहुल्य ग्रामों के 05 हजार 498 परिवार के 22 हजार 890 से अधिक जनजातीय नागरिकों को प्रत्यक्ष लाभ पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। जिले में कुल 35 चिन्हांकित ग्रामों में 01–01 आदि सेवा केन्द्र (एकल खिड़की सेवा केन्द्र) का निर्माण किया जाएगा, जिसे "वन–स्टप सेवा केंद्र" के रूप में विकसित किया जाएगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत प्रभाकर पांडेय ने कहा कि 'आदि कर्मयोगी योजना' का मुख्य उद्देश्य जनजातीय क्षेत्रें में योजनाओं की क्रियान्वयन प्रणाली को दुरुस्त करना है।

### डीएवी में शिक्षण-प्रशिक्षण कार्यक्रम



**करगीरोड कोटा।** डीएवी पब्लिक स्कूल गोबरीपाट में शिक्षकों के लिए विशेष शिक्षण-प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण डीएवी के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी कमल नयन मिश्रा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने शिक्षकों और विद्यार्थियों को कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि, शिक्षक बच्चों के साथ प्यार और धैर्य से पेश आएं तथा उनकी समझ के स्तर पर संवाद स्थापित करें, ताकि बच्चे सहज महसूस कर सकें। उन्होंने शिक्षकों से आग्रह किया कि, प्रत्येक बच्चे को समान अवसर और सम्मान दें, साथ ही बच्चों की जिज्ञासा और प्रश्न पूछने की आदत को प्रोत्साहित करें। अनुशासन सिखाते समय कठोरता नहीं, बल्कि ममता और समझदारी का प्रयोग करें। श्री मिश्रा ने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता ही शिक्षकों की मेहनत का सच्चा प्रमाण है, जिससे विद्यालय, शिक्षक और विद्यार्थी तीनों का नाम रोशन होता है तथा समाज को एक बेहतर उदाहरण मिलता हैं। उन्होंने विद्यालय की प्रगति, अनुशासन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और शिक्षकों के कठिन परिश्रम का पूरा श्रेय विद्यालय के प्राचार्य ओम प्रकाश तिवारी को दिया और आश्वासन दिया कि विद्यालय की सभी आवश्यकताओं को पूरा किया जाएगा।

### नशे के दुष्प्रभावों के प्रति छात्र-छात्राओं को किया गया जागरूक




**मल्हार।** बद्री प्रसाद देवांगन मध्यनगरीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मल्हार की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के छात्र-छात्राओं को ड्रग इंस्पेक्टर बिलासपुर सोनम जैन ने विभिन्न प्रकार के नशे के बारे में जानकारी देते हुए उनके दुष्प्रभाव से अवगत कराते हुए जागरूक किया। विद्यालय के सभी शिक्षकों की उपस्थिति में नशा जागरूकता कार्यक्रम में औषधि निरीक्षक ने नशीले पदार्थ से होने वाले दुष्परिणाम, बचाव के उपाय और नशा छुड़ाने के उपाय के बारे में बच्चों को विस्तार से जानकारी प्रदान की। साथ ही साथ बच्चों को वार्तालाप में सम्मलित करते हुए कई प्रश्न पूछे गए, जिसमें बच्चो ने बड़ी ही सहजता से भाग लिया। प्राचार्य प्रदीप वैष्णव ने वास्तविक जीवन का उदाहरण देते हुए नशे के दुष्परिणाम के बारे में बताया, और सावधान रहने तथा लोगों को जागरूक रहने की बात कही। संस्था के रविन्द्र वैष्णव व बलराम गिरी ने भी समाज को किसी भी प्रकार के नशे की सामग्रियों से दूर रहने की अपील हुए कहा कि, खुद को नशे से बचाते हुए अपने संपर्क में आने वालों को भी बचाना है। इस एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी करुणेश कुमार नापित ने आभार व्यक्त किया।

### पोला पर ताला मंदिर में शिव बारात महोत्सव



**दगोरी।** प्रसिद्ध पर्यटक स्थल व भगवान भोलेनाथ की पावन नगरी देवरानी-जेठानी मंदिर तालागांव में छत्तीसगढ़ के पारंपरिक त्योहार पोला पर्व पर भगवान महादेव की बारात आएगी। श्री सिद्धनाथ आश्रण सेवा समिति की ओर से बारात महोत्सव का आयोजन कई वर्षों से होता चला आ रहा है। इस इवसर पर अलौकिक शिव बारात उत्सव में आस्था, भक्ति, वैराग्य, भजन, कीर्तन सहित नाना प्रकार के भावों की देखने का सौभाग्य प्राप्त होगा। साथ ही छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध लोक कलाकार भागवत कश्यप की सुंदर प्रस्तुति होगी। समिति के अध्यक्ष बजरंग गोस्वामी ने बताया कि, इस वर्ष जन सूरछा को ध्यान में रखते हुए शिव बारात स्थगित की गई है। उन्होंने बताया कि, स्थानीय स्तर पर ताला मंदिर में ही शिव बारात उत्सव का आयोजन होगा। आयोजन को सफल बनाने समिति के सभी पदाधिकारी, सदस्य एवं सहयोगियों के साथ जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं नागरिक उपस्थित रहेंगे। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था हेतु प्रशासनिक अधिकारियों सहित बिल्हा पुलिस की उपस्थिति रहेगी।

## परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान


छात्रा को प्रमाण पत्र देते प्राचार्य।

**मुंगेली।** पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय दाऊपारा में सत्र 2024–25 में हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी सर्टिफिकेट परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। कक्षा 12वीं में 93.60 प्रतिशत के साथ जिले एवं शाला में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी रूपेश सिंह राजपूत पिता हेमंत सिंह राजपूत एवं कक्षा 10वीं में पलक साहू पिता जितेन्द्र साहू 94.67 प्रतिशत अंक हासिल कर शाला प्रथम स्थान प्राप्त करने पर प्राचार्य डॉ. आईपी यादव ने 5–5 हजार रुपये, मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

उक्त सत्र में मण्डल परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शाला के व्याख्याता रूही फातिमा को श्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार प्रदान किया। साथ ही प्रति वर्ष पुरुस्कार दिये जाने की घोषणा की। व्याख्याता महादेव यादव ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण मुंगेली के कार्यक्रम में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति सदस्य सौरभ बाजपेयी, डा. हीरा लाल साहू, रमेश बुनकर, दुष्यंत दुबे, ममता जोशी, पार्षद अजय साहू, कुलदीप पाटले पालक–शिक्षक संघ अध्यक्ष अरविंद सिंह राजपूत, पालक सहित व्याख्याता रश्मि पाण्डेय, जेबा तबस्सुम, सांत्वना दत्ता, राहुल वर्मा, उमाशंकर साहू, रंजीता कैवर्त्त, संध्या कुजूर, हरिशंकर गुप्ता, पारूल ओझा, दिलेश्वरी मरावी, ज्योति जायसवाल, प्र.पा. मिडिल विभाग दीप्ति चतुर्वेदी, प्र.पा. प्राथमिक विभाग अमृता पात्रे, व्यायाम शिक्षक राजेन्द्र प्रसाद साहू, शिक्षक वीर सिंह सिंकदर, ललिता प्रसाद पाटले, अंजली कैवर्त्य, संध्या टण्डन, डुलेश गबेल, नवीन कुमार, यीतेश्वरी ठाकुर, बंशी लाल कुम्हार, राकेश साहू सहित सभी शिक्षकध्शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता पंकज मिश्रा ने किया।

### रामदेव बाबा मंदिर में भादो मेला 24 से

**मुंगेली।** श्री रामदेव सेवा समिति के द्वारा 24 अगस्त से 2 सितंबर तक 10 दिवसीय भादो मेला का आयोजन श्री रामदेव बाबा मंदिर साईं मंदिर परिसर में आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इस भादो मेला में 24 अगस्त रविवार एकम को चंद्र दर्शन के समय श्री बाबा रामदेव जी का जन्म उत्सव, महाआरती व भजन का कार्यक्रम रखा गया है। उपरोक्त कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बाबा के भक्त दुर्गालाल गोयल, प्रेमचंद लुनिया, जगदीश पारख की मार्गदर्शन में समिति के सदस्य दिनेश गोयल, गिरीश सुथार, अमन सोनी, विनोद शर्मा, तुषार खत्री, सुनील जोशी, ललित शर्मा, जालम सिंह राज पुरोहित, यशपाल जोशी, देवेश शर्मा, हरीश सोनी, राकेश जोशी, लोकेश गोयल, अमित तिवर, धीरज सोलंकी, प्रदीप सोलंकी, संदीप लूनिया, श्रेणीक पारख, नंदकिशोर सोलंकी, सुमित तिवर, स्वरूप सोनी, मोहित सोलंकी, राजू सोनी, रमेश सोलंकी, श्रेयांश बेद एवं बाबा महिला मंडल भी तैयारी में जुटे हुए हैं।

## चौपाल लगाकर कलेक्टर ने सुनी बैगा परिवारों की समस्याएं


ग्रामीणों की समस्याएं सुनतीं कलेक्टर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ गौरेला

■ मामलों के निराकरण के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी ने गौरेला के दूरांचल ग्राम पंचायत बानघाट में ग्राम जोहार अभियान के तहत चौपाल लगाकर बैगा परिवारों की समस्याएं सुनीं, और उनकी मांगों एवं समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों को मौके पर ही निर्देश दिए। चौपाल में सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

उन्होंने बैगा परिवारों से पीएम जनमन योजना, महतारी वंदन, राशन, पेंशन, आवास, वन अधिकार पत्र, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, मनरेगा, जाति प्रमाण पत्र, पेयजल, विद्युतीकरण, सड़क संपर्क, स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शौचालय निर्माण आदि से संबंधित समस्याओं के बारे में पूछताछ की। साथ ही तेंदुपत्ता संग्राहकों के बच्चों को शिक्षा प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत छात्रवृत्ति के बारे में जानकारी दी, और उन्हें योजना का लाभ लेने को कहा। चौपाल में लोगों ने मृत्यु प्रमाण पत्र में नाम सुधारने, भूमि पट्टा, वन अधिकार पत्र, पेयजल, मिडिल स्कूल, सड़क, स्वास्थ्य सुविधा एवं मोबाइल टॉवर की मांग की। कलेक्टर ने बैगा परिवारों की मांग एवं समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने पीएम आवास हितग्राहियों को निर्माणाधीन आवासों को जल्दी से पूरा करने को कहा। उन्होंने बैगा परिवारों से 3 से 6 साल के बच्चों को आंगनबाड़ी और 6 साल से उपर के बच्चों को अनिवार्य रूप से स्कूल भेजने के लिए कहा। कलेक्टर ने कहा कि, स्कूलों में जितने भी बच्चे दर्ज हैं, सभी की उपस्थिति प्रतिदिन होनी चाहिए। किसी भी बच्चे को बीच में पढ़ाई नहीं छोड़ना है। चौपाल में स्वास्थ्य शिविर लगाकर बैगा परिवारों का बीपी, शुगर, एचबी जांच की गई तथा आवश्यकतानुसार दवाई वितरित की गई। जिला स्वास्थ्य अधिकारी ने लोगों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देते हुए बच्चों का टीकाकरण, वृद्धजनों का स्वास्थ्य कार्ड बनवाने एवं पानी उबालकर पीने की सलाह दी।

इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मुकेश रावटे, एसडीएम पेंड्रारोड विक्रांत कुमार अंचल, तहसीलदार शेषनारायण जायसवाल, जिला शिक्षा अधिकारी रजनीश तिवारी, सीएमएचओ डॉ रामेश्वर शर्मा, जनपद सीईओ शुभा दामोदर मिश्रा सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

### कृष्ण सजाओ प्रतियोगिता में निखरी प्रतिभाएं

# जिला यादव समाज ने जन्माष्टमी पर निकाली शोभायात्रा



कृष्ण सजाओं स्पर्धा में पुरस्कृत बालिकाएं।

**मुंगेली।** जिला यादव समाज के तत्वावधान में जन्माष्टमी महोत्सव में नगर में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्र में शिव तांडव और अघोरी नृत्य, पारंपरिक गड़वा बाजा में रावत नर्तक दल और अखाड़ा प्रदर्शन रैली प्रभारी व आयोजन समिति के संयोजक श्रीराम सीरिया यादव, रोहित यादव, सिद्धार्थ यादव के नेतृत्व में संचालित हुआ। जिसने यादवी शौर्य को बखूबी प्रदर्शित किया।

प्रातः 11 बजे से प्रारंभ युवक युवती परिचय सम्मेलन जिसे जिले में पहली बार जन्माष्टमी के अवसर पर आयोजित किया गया। इसमें 50 युवक युवतियों के द्वारा पंजीयन एवं सहभागिता रही जो कि बहुत ही अच्छा संकेत रहा। आयोजन समिति के अध्यक्ष रामशरण यादव, सचिव महेश यादव एवं परिचय सम्मेलन के प्रभारी विनोद यादव, संतोष कुमार यादव ने बताया कि इसको भविष्य में और वृहद् स्वरूप प्रदान किया जाएगा। जिसमें पंजीयन कर्ता सुखनंदन यादव, श्याम यादव रहे। इसी प्रकार कृष्ण सजाओ प्रतियोगिता के प्रभारी रामकुमार यादव, रमेश यादव, शैलेंद्र यादव, गणेश यादव घुठेली रहे। जिसमें बड़ी संख्या में 11 वर्ष तक के बच्चों के द्वारा बहुत ही मनमोहक ढंग से श्री कृष्ण के रूप में सज्जित होकर प्रतियोगिता में भाग लिया गया। जिसमें प्रथम स्थान पीहिका यादव, मौली यादव द्वितीय स्थान कौस्तुभी यादव एवं तृतीय स्थान पार्थवी यादव ने प्राप्त किया। जिसमें निर्णायकगण पूजा यादव, नंदनी यादव, श्रेया यादव, सुप्रिया यादव तथा भारती यादव रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने आयोजन के लिए सभी यादवों और आयोजन समिति को शुभकामनाएं प्रेषित की। साथ ही कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विधायक पुन्नूलाल मोहले के द्वारा आयोजन की प्रशंसा करते हुए श्री कृष्ण लीलाओं और जीवन में उनकी सार्थकता को बताया गया। इसी प्रकार अतिविशिष्ट अतिथि डा. सोमनाथ यादव, राज्य मुख्य आयुक्त भारत स्काउट एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ एवं उनके साथ उपस्थित अतिथि नीरज यादव, राकेश यादव के द्वारा शोभायात्रा में सम्मिलित रहकर नगर भ्रमण किया गया। कार्यक्रम के अंत में श्री कृष्ण सजाओ प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को प्रथम पुरस्कार 2101 रूपए नगद, द्वितीय पुरस्कार 1501 रूपए नगद, तृतीय पुरस्कार 1101 रुपए नगद एवं 10 प्रतिभागियों को 501 रूपए नगद सांत्वना पुरस्कार दिया गया।